हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024



## पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 8 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला ईकाई राजनांदगांव की मासिक बैठक 8 दिसंबर को स्थानीय ठा. प्यारेलाल हाईस्कूल में रखी गई है। बैठक में नगरकोट (धमतरी) में संगठन के स्थापना दिवस पर होने वाले सम्मेलन में भाग लेने पर चर्चा की जाएगी। जिले के महामंत्री सुधीर शेंडे ने जिला तहसील, नगर ग्रामीण ईकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

# पंचायत चुनाव में जहां 50% एससी-एसटी, वहां ओबीसी को आरक्षण नहीं

### सरकार ने जारी किया अध्यादेश, आरक्षण की नई व्यवस्था होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के संबंध में राज्य सरकार अध्यादेश लाई है। खास बात यह है कि इस बार के चुनाव में आरक्षण की नई व्यवस्था लागू होगी। हाल ही में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर सरकार ने आरक्षण का फैसला किया है। अगर किसी ग्राम पंचायत में एससी और एसटी के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण है, तो वहीं ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं मिलेगा।

इस संबंध में अध्यादेश में कहा गया है कि किसी जनपद में जहां अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत या पचास प्रतिशत से अधिक स्थान आरक्षित किए गए हैं, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं होगा। इसी तरह की प्रक्रिया जिला पंचायतों के चुनाव पर भी लागू होगी। जिला पंचायत के संबंध में यह भी कहा गया है कि यदि राज्य में अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों तो यथासंभव निकटतम रूप से राज्य के भीतर जिला पंचायतों के अध्यक्षों के कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे।

अलग खबर

#### इस तरह मिलेगा आरक्षण

अध्यादेश में कहा गया है कि किसी ग्राम पंचायत में जहां अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए हैं, वहां यथासंभव निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे और ऐसे स्थान पर उस ग्राम पंचायत के भिन्न वार्डों को विहित रीति व चक्रानुक्रम में कलेक्टर द्वारा आवंटित किए जाएंगे। यही प्रक्रिया जनपद पंचायतों के चुनाव में भी लागू होगी।

#### खास बातें

- नई व्यवस्था के तहत ओबीसी वर्ग को मिलेगा आरक्षण
- नगरीय निकाय के साथ ही पंचायत चुनाव में भी दिया जाएगा ओबीसी वर्ग को लाभ



### कृषि और घरेलू विद्युत कनेक्शन अलग करने की योजना का बुरा हाल

# 180 करोड़ के प्रोजेक्ट की सुस्त रफ्तार सिस्टम सुधारने सिर्फ 7 प्रतिशत काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांवों में कृषि और घरेलू कनेक्शनों को अलग-अलग करने के साथ-साथ बिजली सिस्टम में सुधार और सुदृढ़ीकरण के लिए शुरू की गई आरडीएसएस योजना अब लालफीताशाही की शिकार हो रही है। मुंबई की कंपनी ने 180 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट में पिछले दो सालों में सिर्फ सात फीसदी काम ही पूरा किया है। इस योजना के जुलाई 2025 में पूरा होने में अब सशंय की स्थिति निर्मित हो गई है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने 2022 में बिजली सिस्टम के पूर्व-योग्यता मानदंडों को पूरा करने और बुनियादी न्यूनतम बेंचमार्क प्राप्त करने के आधार पर आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बिजली कंपनी को परिणाम से जुड़ी वित्तीय सहायता प्रदान कर कंपनी को उनकी परिचालन क्षमता और वित्तीय स्थिरता में सुधार करने में मदद करने के लिए संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत 2025 तक लाइन लास को जीरो फीसदी करना है। इस योजना के तहत अविभाजित राजनांदगांव जिले के लिए 180 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिली थी। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर वितरण कंपनी रायपुर के मुख्य अभियंता ने टेंडर प्रक्रिया के बाद जिले में मुंबई की मेसर्स स्ट्रलिंग एंड विल्सन प्राईवेट लिमिटेड को टेंडर दिया था। कंपनी द्वारा 20 जनवरी 2023 से जिले में इस योजना के तहत काम शुरू किया गया है, लेकिन ठेका लेने वाली कंपनी द्वारा पिछले करीब दो साल में सिर्फ सात फीसदी काम ही किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार पर लगातार दबाव भी बनाया जा रहा है, लेकिन काम की प्रगति नहीं आ पा रही है। सूत्रों ने बताया कि शासन स्तर पर भी अब ठेकेदार पर कार्रवाई करने की तैयारी की गई है।



#### दम तोड़ रहे ट्रांसफार्मर

अत्याधिक पंप और घरेलू कनेक्शनों के कारण ट्रांसफार्मर दम तोड़ रहे हैं। इस योजना के तहत ऐसे 63 केव्ही के ट्रांसफार्मर जिसका डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स जर्जर हो चुका है, उन्हें बदलकर 1079 नया बाक्स लगाना है। ठेका लेने वाली कंपनी ने अभी तक 248 नग बाक्स ही लगाया है।

#### विस अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत सुधार के कामों की धीमी रफ्तार पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बिजली कंपनी के अफसरों को साफ तौर पर कहा है कि यदि दो साल में सिर्फ सात फीसदी ही काम हुआ है तो 2025 तक पूरा काम कैसे हो जाएगा? डॉ. सिंह ने बिजली कंपनी के अफसरों को काम में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

**लाइन लास कम करने का काम शुरू नहीं :** बिजली सिस्टम को सुधारने 180 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में लाईन लास का कम करने का काम भी किया जाना है। विद्युत चोरी रोकने एलटी लाइन को सीमित कर उन्हें 11 केव्ही लाइन में बदलकर ट्रासफार्मर एवं एलटी केबल लगाना है, लेकिन यह काम शुरू नहीं हुआ है। वहीं खुले तारों को बदलकर एलटी एबी केबल करने का प्रावधान है। अभी तक सिर्फ आठ किलोमीटर का ही काम पूरा हुआ है।

#### सिंचाई पंप के लिए अलग होंगे 97 फीडर

इस योजना में ऐसे 11 केव्ही फीडर शामिल किए गए हैं। जिसमें पंप का लोड 30 फीसदी से अधिक है। उन पंपों को अलग करने के लिए 11 केव्ही का फीडर खींचने का प्रावधान किया गया है। 97 फीडर पंप के लिए अलग किए जाएंगे। ठेका लेने वाली कंपनी ने अभी सिर्फ 24 फीडर में काम शुरू किया है। यही नहीं अधिक भार और लंबाई वाले 48 फीडर का विभाजन किया जाना है। अभी तक सिर्फ सात फीडर का काम पूरा हुआ है।

# मंदिर से मूर्तियां चोरी कर घर में छिपाया, आरोपी गिरफ्तार

### घर के आलमारी में छिपाकर रखा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम चिद्दो के मंदिर से भगवान की मूर्तियां चोरी करने एवं पूजा के सामान को बिखेरने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी ने मूर्ति चोरी कर अपने घर के आलमारी में छिपाकर रखा था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी दीपक कुमार साहू 44 साल निवासी ग्राम चिद्दो ने 3 दिसंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि ग्राम चिद्दो से डोंगरगढ़ आने वाले रोड किनारे नाला पुल के पास स्थित एक सार्वजनिक पुरानी मंदिर। जिसमें श्रीगणेश मूर्ति, शिवलिंग, बैल मूर्ति एवं हनुमानजी की मूर्ति विराजमान किया गया था। वह 3 दिसंबर को सुबह पूजा करने आया तो देखा कि हनुमान भगवान की मूर्ति नहीं था। इससे पहले 1 दिसंबर को गणेश मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति एवं बैल मूर्ति नहीं था। 3 दिसंबर को हनुमानजी का मूर्ति नहीं होने पर शंका हुआ कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है एवं पूजा सामान को बिखेर दिया है। धार्मिक भावना को ठेस पहुंचा है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 299, 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




#### मूर्तियां बरामद

पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर आलमारी से श्रीगणेश की मूर्ति, शिवलिंग, बैल मूर्ति एवं हुनमानजी की मूर्ति को बरामद कर मोटर साइकिल सहित जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक गणेश चौहान, आरक्षक प्रयंश सिंह, योगेन्द्र देशमुख एवं सायबर सेल से सहायक उपनिरीक्षक सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक बसंत राव एवं आरक्षक प्रवेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल राजनांदगांव की टीम गठित किया गया था। इस दौरान गठित टीम को सूचना मिली कि ग्राम बछेराभाठा निवासी भुवन चंद्रवंशी अपने घर में मूर्ति रखा है। सूचना पर आरोपी भुवन चंद्रवंशी 35 साल निवासी बछेराभांठा का पता-तलाश कर पूछताछ किया। आरोपी अपने मोटर साइकिल से ग्राम चिद्दो आकर ग्राम चिद्दो-डोंगरगढ़ मार्ग के रास्ते में नाला के पास शिव मंदिर, हनुमान मंदिर में रखे गणेशजी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हुनमानजी की मूर्ति को चोरी कर अपने घर के आलमारी में छुपाकर रखना बताया।

# जन्मदिन मनाने ढाबा गए दोस्तों में पुराने विवाद को लेकर चला चाकू, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दोस्त का जन्मदिन मनाने गए दो युवकों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी ने चाकू से हमला कर एक युवक को घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने भाई के बर्थडे में दोस्तों के साथ खाना खाने के लिए शेरे पंजाब ढाबा पेंड्री पहुंचे ही थे कि आरोपी आर्यन नायक द्वारा कुछ बात करना है, करके गौरव मेश्राम को वाहन के पीछे साईड लेकर गए, जहां दोनों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर धक्का-मुक्की होने लगा और आर्यन नायक द्वारा गाली-गलौज देते अपने पास रखे चाकू से गौरव मेश्राम को जान से मारने की नियत से उस पर वार किया। जिससे गौरव मेश्राम के शरीर से खून निकलने लगा, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा-109, 296 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप, उप निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक राजू मेश्राम, आरक्षक राजकुमार बंजारा की भूमिका रही।

**घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा**

लालबाग पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी के लिए टीम तैयार कर तलाश किया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि उक्त आरोपी घटना कारित कर पेंड्री के पास है, जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया और पूछताछ किया गया, जो बताया कि पुरानी बात को लेकर रंजिश था, जो कल फिर से उसी रंजिश को लेकर धक्का-मुक्की हुई, जिस पर से वह अपने पास में रखे चाकू से वार किया था। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध धारा सदर का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने से आरोपी आर्यन नायक 20 वर्ष निवासी शंकरपुर रामनगर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# महाराष्ट्र और एमपी से शराब मंगाकर अवैध कारोबार, सीमावर्ती इलाकों में रैकेट सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में शराब की बिक्री कम होने के आंकड़े सामने आने के बाद शासन और प्रशासन में आबकारी राजस्व को लेकर जहां खलबली मची हुई है। राजस्व बढ़ाने जमीनी स्तर पर जहां रणनीति तैयार की जा रही है। वहीं दूसरी ओर पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी कर एक सिडिकेट द्वारा इसे गांव-गांव तक इसकी बिक्री किए जाने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। शासन स्तर पर भी इस गोरखधंधे की शिकायतें पहुंची है।




मिली जानकारी के अनुसार राज्य में भाजपा की सरकार के काबिज होने के बाद जिले में आबकारी राजस्व करीब 22 फीसदी कम हो गया है। इस आंकड़े के शासन स्तर पर पहुंचने के बाद अब इनके कारणों की पड़ताल शुरू की गई है। सूत्रों ने बताया कि इस पड़ताल में यह तथ्य सामने आ गए हैं कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की व्यापक पैमाने पर शराब की तस्करी की जा रही है। जिले के उन इलाकों में यह शराब पहुंचाई जा रही है, जो सीमा से लगे हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि मध्यप्रदेश की शराब बोरतलाव, डोंगरगढ़, बागनदी, चिचोला और छुरिया तक बड़े पैमाने पर बेची जा रही है। वहीं एक सिडिकेट द्वारा महाराष्ट्र की शराब को गैंदाटोला, अंबागढ़ चौकी, मोहला और मानपुर के गांवों में कोचियों के जरिये बेचा जा रहा है। बताया जाता है कि शासन स्तर पर इसकी बकायदा पूरी रिपोर्ट भी पहुंच गई है।

#### आबकारी और पुलिस मौन

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से व्यापक पैमाने पर यहां लाई जा रही शराब के मामले में आबकारी और पुलिस महकमे ने मौन साधा हुआ है। बताया जाता है कि सिडिकेट ने पुलिस और आबकारी महकमे के अफसरों से सांठगांठ कर रखी है। यही कारण है कि शिकायतें सामने आने के बाद भी दोनों महकमा हाथ में हाथ धरे बैठा हुआ है।

# बदलेगा मौसमः तीन दिन बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नमीयुक्त हवाओं के आगमन से प्रदेश में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। आज से अगले तीन दिनों के लिए बारिश के आसार जताए गए हैं। तापमान में भी हल्की गिरावट संभव है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में नमीयुक्त हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया है। इस कारण प्रदेश के मध्य और उत्तर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जबकि बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में हल्की वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में 8, 9 और 10 दिसम्बर को वर्षा होने की प्रबल संभावना है। 10 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

### लगभग सभी शराब दुकानों में यही हाल, आरोपियों के खिलाफ एक्शन जरूरी

# शराब दुकानों में जेब कतरें सक्रिय, पुलिस तक नहीं पहुंच रही शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

शहर के चिखली, रेवाडीह, मोहारा क्षेत्र में संचालित शराब दुकानों के बाहर शराब लेने लगने वाली कतारों में पाकिटमारों का गैंग सक्रिय है। यहां रोज कई लोगों के साथ पाकिटमारी की जा रही है। रुपए-पैसे, पर्स से लेकर मोबाईल फोन भी जेब से निकाले जा रहे हैं। इस पाकिटमारों में शहर की सभी शराब दुकानों में लंबे समय से सक्रिय होकर पाकिटमारों का गैंग कार्य कर रहा है और भीड़ का फायदा उठाकर पाकिटमारी की वारदातों को आसानी से अंजाम दिया जा रहा है।

शहर में संचालित इन शराब दुकानों के बाहर सुबह से ही पाकिटमारों का गैंग सक्रिय हो जाता है और शराब दुकान बंद होने तक पाकिटमारी को अंजाम दिया जाता है। ज्यादातर पाकिटमारी की घटना शाम 4 बजे से 9 बजे के बीच हो रही है। शहर के अलग-अलग दुकानों में शराब लेने कतार में लगने वाले दर्जनों लोगों की पाकिटमारी जा रही है। **लोगों पर रखते हैं नजर :** शराब दुकानों के बाहर पाकिटमारों द्वारा शराब लेने आने वाले लोगों पर नजर रखी जाती है और इसके बाद व्यक्ति को अपना निशाना बनाया जाता है। बताया जाता है कि गैंग के लोग पाकिटमारी के बाद एकत्रित होते हैं और आपस में रुपए-पैसों का बंटवारा करते हैं।



#### पाकिटमारी का तरीका भी बदला

शराब दुकानों के बाहर कतारों में लगने वाले पाकिटमार अपने पीछे अपने एक अन्य साथी को खड़े करते हैं। इसके बाद सामने खड़े व्यक्ति की जेब से रुपए, पर्स, मोबाइल फोन निकाला जाता है और पाकिटमार अपने पीछे खड़े साथी को वह सामान दे देता है। जिसके बाद पीछे खड़ा व्यक्ति फरार हो जाता है। पाकिटमारी का एहसास होने पर अपने पीछे खड़े व्यक्ति की तलाशी लेने पर भी कुछ नहीं मिलता है।

#### कतार में हो रहे खड़े

शराब दुकानों के बाहर पाकिटमारी करने के लिए सक्रिय असामाजिक तत्वों के लोग यहां कतारों में सिर्फ पाकिटमारी के लिए ही खड़े हो रहे हैं। शराब लेने खड़े लोगों के पीछे यह पाकिटमार खड़े होते हैं, जो शराब लेने काउंटर तक नहीं पहुंचते हैं और बीच में से ही निकालकर पीछे जाकर दोबारा लाइन में लग जाते हैं।

#### रोजाना मारपीट के मामले

खुलेआम पाकिटमारी हो जाने के मामले में आए दिन लोगों के बीच विवाद भी होता है और मारपीट की घटनाएं भी हो रही है, लेकिन मामले पुलिस थाना तक नहीं पहुंचता है, जिन लोगों के महंगे मोबाइल की पाकिटमारी होती है, वे लोग ही थाना में जाकर शिकायत करते हैं, लेकिन इस दौरान भी मोबाइल चोरी या गुम होने की जगह प्रार्थी द्वारा पुलिस को वास्तविक नहीं बताई जाती है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



लेप्रौस्कोपिक सर्जन
डॉ. कार्तिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)

- दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
- दूरबीन द्वारा मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन

हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### सोसायटी में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**छुरिया।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति शिकारीमहका में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी। स्वागत के बाद प्राधिकृत अधिकारी विमला दिलीप सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर श्रीमती साहू ने धान खरीदी सहित राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान रविंद्र वैष्णव, किरण वैष्णव, अजय पटेल, संजय सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।



### महिला खेल व युवा उत्सव 9 को

**छुरिया।** आगामी 9 दिसंबर को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय महिला खेल एवं युवा उत्सव का आयोजन रखा गया है। इस आयोजन में महिला खो-खो, रस्साकस्सी, व्हालीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती आदि खेल होंगे। इसी प्रकार युवा उत्सव प्रातः 9 बजे से सामुदायिक भवन में होगा। वाद्य यंत्र प्रतिभागी को लाना होगा। युवा उत्सव में लोक नृत्य, लोक गीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, वक्तृत्व कला, चित्रकला, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प शामिल है।

### वन मिनट शो में शामिल हुए विद्यार्थी

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के मौके पर वन मिनट शो का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन, कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष बेदप्रकाश साहू तथा प्रभारी तूलिका चक्रवर्ती के नेतृत्व में आयोजित की गई। अतिथि विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह, निर्णायक गुलशन सिन्हा, सोनाली लोया खानखोजे थे। अतिथियों ने बताया कि वर्तमान में इनफार्मेशन और नॉलेज का क्या महत्त्व है। यह कम्प्यूटर का समय है जिसकी सभी को जानकारी होना चाहिए। प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम नव्या गुप्ता, द्वितीय उदय लाउत्रे तथा तृतीय स्थान सुजाता बेहरा ने प्राप्त किया। संचालन तूलिका चक्रवर्ती एवं आभार प्रदर्शन मनीष भास्कर ने किया।



### बॉक्सिंग में तीन को मिला पदक

**डोंगरगढ़।** पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन गत दिनों भिलाई में किया गया। स्पर्धा में प्रदेश के 15-17 जिलों के बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। स्थानीय आन द राइस मार्शल आर्ट संस्था की दीपा चंद्रवंशी आ खिलावनराम चंद्रवंशी ने रजत, गौरव राव आ नारायण राव ने कांस्य और दुष्यंत पंडरे आ हेरसिंह पंडरे ने पदक हासिल किया। दीपा चंद्रवंशी अब आल इंडिया बॉक्सिंग स्पर्धा में हिस्सा लेगी। कोच मुकेश साहू ने बच्चों को बधाई दिया है।



### एकता क्लब भवेली ने जीता मैच

**डोंगरगढ़।** राज्य स्तरीय फुटबाल टुर्नामेंट में एकता क्लब भवेली माईंस ने दबदबा बनाते हुए मैच जीतने के साथ दर्शकों का दिल भी जीता है। हाईस्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रतियोगिता में गुरूवार को प्रथम मैच में खैरागढ़ को 3-1 से हराकर कोरबा ने आसान जीत हासिल किया। दूसरे मैच में डॉक्टर इलेवन को एकता क्लब भवेली माईन्स ने एक हाफ के बाद लगातार 3 गोल दाग कर हरा दिया। डॉक्टर इलेवन महज एक गोल करने में कामयाब रहा। इस दौरान मुन्नालाल नंदेश्वर, धीरज मेश्राम, अशोक साहु, संजय श्रीवास्तव, हरमित सिंग मित्ते, सुनील तिवारी, राजु डकहा, सुदेश डे, सिद्धार्थ नागदेव, संदीप गैरवार, राजेश बघेल, सूरज शाह, सागर रामटेके, अक्षय चौरड़िया सहित अन्य उपस्थित थे।



### कथा के पहले निकाली कलश यात्रा

**पटेवा।** ग्राम के शीतला माता मंदिर प्रांगण में देवांगन परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा की शुरूवात कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा ने भजन मंडली के साथ गांव का भ्रमण किया। लोगों ने पुष्प वर्षा और पूजा अर्चना कर कलश यात्रा का स्वागत किया। आयोजन में कथा वाचक नंदी लाल लिखेशवर महाराज है। पहले दिन वेदी पूजन किया गया। कल 7 दिसंबर को शिव महापुराण महत्व एवं नारद मोह की कथा का



**विडंबना : गांवों में अब तक बुनियादी सुविधा का अभाव**

# अंधेरे में कट रही जिंदगी, जर्जर सड़क से आवाजाही हुई कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ब्लाक से महज 7 किलोमीटर दूर एक गांव है जहां करीब एक दर्जन परिवार निवासरत हैं। इस गांव में आजादी के 77 साल बाद भी बिजली नहीं पहुंची है। यहां के ग्रामीण आज भी लालटेन युग में जीवन गुजार रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम कैशोटोला के वार्ड क्रमांक 1 में एक बस्ती है जहां 10-12 परिवार रहते हैं। इस बस्ती में अब तक विघुत लाईन नहीं पहुंची है।

इमरजेंसी लाईट, टार्च और लालटेन जलाकर लोग जीवन व्यतीत कर रहे हैं। बिजली के लिए यहां के ग्रामीण करीब दस सालों से प्रशासन को आवेदन देते आ रहे हैं।

लोगों ने जन समस्या निवारण शिविर में भी आवेदन देने के अलावा कांग्रेस- भाजपा के नेताओं से गुहार लगा चुके हैं किन्तु अब तक गांव में बिजली नहीं पहुंच सकी है।



**गांव में उजाला, एक बस्ती में अंधेरा**

जानकारी के अनुसार इस बस्ती के बच्चे इमरजेंसी लाईट या दिया के सहारे अपनी पढ़ाई करते हैं। केशोटोला के अन्य सभी वार्ड में बिजली है लेकिन वार्ड क्रमांक 1 का दुर्भाग्य है कि वहां अब तक बिजली नहीं पहुंची है। जंगल किनारे स्थित इस बस्ती में अंधेरे के कारण हमेशा खतरा बना रहता है इसके बाद भी प्रशासन यहां तक बिजली पहुंचाने में रूचि नहीं दिखा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती से कुछ दूरी पर बिजली पोल लगा है। जल मिशन के तहत बनी पानी टंकी तक बिजली कनेक्शन पहुंच गया है किन्तु लोगों के घरों में हमेशा अंधेरा पसरा रहता है।

**बस नाम की सड़क बची**

**कुमरदा।** कुमरदा से गैंदाटोला सड़क पूरी तरह दम तोड़ चुकी है। इस रोड से अनेक नेता एवं अधिकारी रोज गुजरते हैं परंतु कोई भी इसका जीर्णोद्धार कराने का लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। जानकारी के अनुसार यह सड़क जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू के गांव जोशीलमती से होते हुए कल्लू बंजारी तक जाती है। इस रोड पर वाहन चलना तो दूर पैदल चलने में परेशानी होने लगी है। इस मार्ग से वाहन हिचकोले खाते हुए गुजरते है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों सोसायटियों में धान खरीदी किया जा रहा है। किसान वाहनों से धान सोसायटी लेकर जा रहे हैं। आने वाले दिनों में ट्रकों से धान का परिवहन किया जाएगा। इस दौरान दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। सड़क पर बड़े बड़े गढ्ढे हो गए हैं। अगर गड्ढो का पटाव किया जाए तो काफी मुरूम की जरूरत पड़ेगी। रोड की बदत्तर हालत से ग्रामीण काफी परेशान है। अंचल के ग्राम चिरचारी कला, हर्राटोला, जोशी लमती, गैंदाटोला, फाफामार, मेटेपार के ग्रामीण आंदोलन करने का मन बना रहे हैं।



## 6 ट्रैक्टर सहित 630 कट्टा धान बरामद



**डोंगरगढ़।** धान खरीदी शुरू होने के बाद से धान की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात कनेरी में धान के अवैध परिवहन का मामला सामने आया है। प्रशासन ने 6 ट्रेक्टर सहित 630 कट्टा धान जब्त कर समिति के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार धान की कीमत अधिक मिलने के कारण दूसरे प्रदेशों से धान लाकर यहां खपाया जा रहा है। प्रशासनिक टीम के लगातार कार्रवाई करने से अवैध धान मंगवाकर बेच रहे कोचियों में हडकंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में धान की कीमत 22 से 23 सौ रूपए होने के कारण बिचौलिए धान का अवैध परिवहन कर रहे हैं।

## समीत बना अग्निवीर गांव में हुआ सम्मान

**तुमड़ीबोड़।** मचानपार के समीत पटेल का चयन अग्नि वीर के लिए हुआ है। चयन के बाद गत दिनों सरपंच चिंताराम साहू ने उन्हे सम्मानित करते हुए गांव का नाम रौशन करने के लिए बधाई दिया।



## सोसायटी में पहुंची डीएपी खाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सेवा सहकारी समिति गंडई में डीएपी खाद की कमी को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर को प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए त्वरित डीएपी खाद मुहैया कराया है। सेवा सहकारी समिति गंडई में खाद पहुंचने के बाद किसानों को अब काफी राहत मिलेगी। डीएपी खाद को पुराने भवन में स्टोर कराया गया है।

## 45 पार वाले अध्यक्ष बनने की दौड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मंडल अध्यक्ष बनने की चाह के साथ सदस्यता अभियान में जी तोड़ मेहनत करने वाले नेताओं की उम्मीदों पर उम्र की सीमा तय किए जाने से पानी फिर गया हैं। नए मापदंड के मुताबिक भाजपा का अगला मंडल अध्यक्ष कोई नया चेहरा होगा। अध्यक्ष बनने की दौड़ में चार- पांच नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं।

चुनावी राजनीति में नए नए प्रयोग करने बाद सेकंड पंक्ति के लोगों को नेतृत्व का मौका देने के लिए भाजपा ने संगठन चुनाव में उम्र की सीमा तय कर दिया है।

मापदंड के मुताबिक अध्यक्ष बनने के लिए 35 से 45 साल का व्यक्ति ही पात्र होगा। जानकारी के अनुसार मंडल भाजपा बनने की दौड़ में कोई डेढ़ दर्जन नेता शामिल थे जिसमे मौजूदा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पूर्व जिपं सदस्य टोमन साहू, पूर्व जनपद सदस्य चुन्नी यदु, इंदरचंद लोढ़ा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू, जितेंद्र सिन्हा, टुम्मन साहू, विजय जैन, जनपद सदस्य अजय वैष्णव आदि प्रमुख है। कई लोग 45 पार होने के कारण चुनाव के पहले ही अध्यक्ष बनने की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

**नए चेहरे को मिलेगा मौका**



भाजपा दवारा तय मापदंड पर पालन हुआ तो अब तक युवा मोर्चा अध्यक्ष बनने की जुगत में लगे नेताओं में से किसी एक को भाजपा की कमान संभालने का मौका मिल सकता हैं। बदली हुई परिस्थिति में अध्यक्ष बनने की कतार में पूर्व पार्षद रोहित गुप्ता, जनपद सदस्य मनीष साहू, जागेश्वर यादव राजू, किशोर यादव, लोकेश यद्ु, कोमल साहू, पार्षद डीकेश साहू खड़े नजर आ रहे हैं।

## अध्यक्ष ने उठाया किसानों का मसला

- कलेक्टर को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

अंचल की ग्राम पंचायत टप्पा में शुक्रवार को जिला प्रशासन ने जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया। शिविर में शामिल होकर जनपद पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष टिकेश साहू ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

जानकारी के अनुसार अध्यक्ष श्री साहू ने मोदी की गारंटी के तहत धान की पूरी कीमत का एकमुश्त भुगतान, हर पंचायत में भुगतान व्यवस्था, सोसायटी में धान खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाना मुहैया कराने, किसानों से लिए जा रहे बारदाना का नगद भुगतान, धान का तेजी से परिवहन करने की मांग रखा है। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि धान का परिवहन नहीं होने से अधिकांश सोसायटियों में बफर लिमिट से दो से तीन गुना अधिक धान जाम हो गया है और स्थिति यह आ गई है कि कुछ दिनों बाद धान खरीदी बंद करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो जल्द ही किसान आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद सदस्य मोहनीश साहू, दीबिका साहू, सुखमा कुंजाम, भुनेश्वरी साहू, नरबद चन्द्रवंशी, मयंक यदु, संतोष निषाद, सुनीता साहू, एश्वर्य जंघेल, तेजराम सहारे, देवेन्द्र साहू, प्रमोद साहू, दयाल साहू, अमर साहू आदि मौजूद थे।



### पुल का लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** ग्राम मारुटोला कला में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रपटा पुल और कचरा शेड का लोकार्पण किया। ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुल की मांग रखा था जिसके बनने से गांव में उत्साह का माहौल है। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। इस मौके पर भुनेश्वर बघेल, नवाज खान, गजेंद्र ठाकरे, लीला प्रकाश मंडावी, विप्लव साहू, कोमल साहू, आरती, रिंकू महोबिया, आकाशदीप गोल्डी, फुलकुंवर मोहन, लीलाधर वर्मा, तेजराम वर्मा, अनुसुइया नेताम आदि मौजूद थे।

**पाठक सूचना**
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

**श्रद्धा के साथ मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस**

## लोगों ने डॉ. अम्बेडकर को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संविधान वेत्ता बाबा साहेब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध बिहार ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में मनाया गया। सर्वप्रथम बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर परित्राण पाठ किया गया। स्थानीय तहसील कार्यालय में स्थित प्रतिमा के समक्ष सामाजिक, धार्मिक, जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में माता मोदिता, भंते कुमार कश्यप, भंते नागरत्न आदि ने बुद्ध वंदना कर पुष्पाजंलि अर्पित किया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुदेश मेश्राम, धीरज मेश्राम, मुन्नालाल नंदेश्वर, विजयराज चौहान, अनिल मेश्राम, सुधीर डोंगरे, मयंक डोंगरे, अमन जनबंधु, नलिनी मेश्राम, प्रीति चमन समुद्रे, बादल अंबादे, अनिल सहारे, सुनील सहारे, शिवराज बोरकर, शिशुपाल भारती, सावन टेम्भुरकर, पप्पु इंदुलकर, विद्या रामटेके, किरण मेश्राम सहित अन्य उपस्थित थे।



**बच्चों ने निकाली शहर में रैली**

डॉ. अम्बेडकर विद्यालय में शुक्रवार को महापरि निर्वाण दिवस मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवंता तुर्रे के निर्देशानुसार छात्र, छात्राओं, शिक्षकों ने मौन रैली निकालकर शहर भ्रमण किया। तहसील प्रागण स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवंता तुर्रे ने गीत प्रस्तुत किया। प्रधानपाठक मनोज गजभिये ने बुद्ध वंदना कराया। इस मौके पर दुतारा, टी भावे, आर सक्सेना, ए ब्राम्हणकर, एम गजभिये, आर मोहने, बी पोद्दार, एच यादव, पी बोम्बर्डे, जे बनाफर, बी इंदुरकर आदि मौजूद थे। छात्रा खूशबू बोरकर ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन ए ब्राम्हणकर ने किया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ CENTRES PAN INDIA
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निबंध और प्रश्नोत्तरी में पूजा प्रथम



**एलबी नगर।** कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार रासेयो एवं रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी अरुण साहू के नेतृत्व में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया। सहायक प्राध्यापक सोनल नागवंशी ने एचआईव्ही के संक्रमण एवं बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र में नि: शुल्क जांच किया जाता है। इस मौके पर एड्स विषय पर निबंध, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध में प्रथम पूजा देवांगन, द्वितीय सुनील कुमार, प्रश्नोत्तरी में प्रथम पूजा देवांगन, द्वितीय वर्षा ढीमर, पोस्टर में प्रथम कविता वाल्दे, द्वितीय रेणुका मंडावी, रंगोली में प्रथम कृति, द्वितीय पुनीता सलामे रही। इस दौरान रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, कविता यदु, कामिनी वर्मा, प्रीति साहू, हेमंत कंवर, रूपेश, गौतम वी राव, गौतम रगड़े, मंशाराम चंद्रवंशी, डीएल यादव आदि मौजूद थे।

### ब्लाक स्तरीय खेल का शुभारंभ



**सड़क अतरिया।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरबना में शुक्रवार को ब्लाक स्तरीय शालेय खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। शुभारंभ के मौके पर जिला पंचायत प्रतिनिधि विजय वर्मा, मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल, सरपंच ललित जंघेल, गेंदलाल जंघेल, मनहरण जंघेल, धनेश सहित अन्य मौजूद थे। अतिथियों ने मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर खेल का शुभारंभ किया। श्री वर्मा ने विभिन्न संकुलों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक है। हर छात्र में किसी एक खेल का हुनर होता है। ऐसी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए, स्पर्धा सबसे अच्छा मौका होता है। मोतीलाल जंघेल ने खिलाड़ियों को जीत हार की चिंता न करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने प्रेरित किया।

### खुर्सीपार में मितानिनों का सम्मान



**डोंगरगांव।** ग्राम पंचायत खुर्सीपार में मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता की पूजन अर्चन किया गया। सरपंच लोकेश्वरी साहू ने मितानिन दीदियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। विकासखंड समन्वयक नीलिमा सिन्हा एवं प्रेरक गोदावरी साहू ने मितानिन कार्यक्रम की जानकारी दी। सरपंच ने श्रीफल व उपहार देकर सम्मान किया। इस अवसर गीता नायक, चंद्रिका साहू, पुनिया साहू, सकुन साहू, नीलिमा सिन्हा एवं गोदावरी साहू को सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य दीबिका साहू, सचिव उपेंद्र यादव, पंच सुनिता साहू आदि उपस्थित थे।

### एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली



**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं जनकल्याण विभाग ने कार्यशाला का आयोजन किया। संचालन महेश साहू ने किया। अतिथि के रूप में मौजूद सहायक चिकित्सक भारती वर्मा ने विद्यार्थियों को एड्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एड्स फैलने के कारण एवं रोकथाम के बारे में बताया। प्राचार्य ने एड्स जागरूकता की गाइडलाइन, एचआईवी वायरस के वेक्टर्स के बारे में जानकारी दी। डॉ नवीनसिंह राजपूत एवं रविप्रकाश चतुर्वेदी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकाली। बीएससी प्रथम की तालेश्वरी एवं बीए प्रथम के लोमन द्वारा बनाए गए पोस्टर एवं नारों के साथ जागरूकता अभियान पूर्ण किया गया।

### जयप्रकाश बने कॉलेज के अध्यक्ष



**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय जालबांधा में जयप्रकाश साहू को जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा से की गई है। उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खैरागढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल, देवकुमार सेन, अनुप वर्मा, दीनदयाल सिन्हा, हरप्रसाद वर्मा, फिरन वर्मा, गोपाल राजपूत, रिखब जैन, हेमंत देशमुख, राजेंद्र वर्मा, चंद्रकुमार यादव, दिलेश्वर यदु, प्रमोद भगत, कैलाश सिन्हा, परदेशी साहू, खेमचंद साहू सहित अन्य ने हर्ष जताते हुए बधाई दिया है। नवनियुक्त अध्यक्ष श्री साहू ने प्रभारी मंत्री श्री देवांगन, सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आयाश सिंह आदि का आभार जताया है।

### धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण



**छुरिया।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले खरीदी केंद्रों का जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू, लादूराम तुमरेकी, राजकुमार सिन्हा, पुरन नेताम, हेमलता बंजारे, रोशन साहू ने निरीक्षण किया। कांग्रेस नेताओं ने महाराजपुर, झिथराटोला, शिकारीमहका, भोलापुर सहित अन्य धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर किसानों से धान बेचने में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी लिया। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने बताया कि सभी खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था है। किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों से लिए टोकन नहीं कट रहा है। खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं जा रहा है। किसानों को 31 सौ के बजाए 23 सौ की दर से भुगतान किया जा रहा है।

---

### नगर पालिका को मिली शिकायतें एवं निराकरण की मांगी जानकारी

# स्वच्छता श्रृंगार का मामला गूंजेगा विस में, विधायक ने पूछा सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भौतिक निरीक्षण, विभागीय सचिव को शिकायत बाद स्वच्छता श्रृंगार योजना से जुड़ा सवाल अब विधानसभा में गूंजेगा। विधायक यशोदा वर्मा ने नगर पालिका में स्वच्छता श्रृंगार योजना तहत 2022 से नवंबर 24 तक जारी राशि, खर्च का विवरण, तय कार्य, कार्य एजेंसी का नाम पता, शर्त और साफ सफाई से लेकर नगर पालिका को मिली शिकायते और उसके निवारण की जानकारी मांगी है।

इसके चलते जवाब देने में नगर पालिका के माथे पर बल पड़ गया है क्योकि भौतिक निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद सीएमओ ने विधायक यशोदा वर्मा को गोलमोल जवाब देकर भरमाने का प्रयास किया है जबकि हकीकत कुछ और बयां करती है। योजना अनुसार जारी 29 अगस्त 2018 को जारी निर्धारित अठारह बिंदुओं वाले शर्तों में स्पष्ट लिखा हुआ है कि सार्वजनिक शौचालयों का संचालन व संधारण करने वाली एजेंसी को प्रत्येक शौचालय में केयर टेकर और दो शौचालयों के पीछे एक सफाई कर्मी रखना अनिवार्य है दिन में दो बार सफाई के बाद भी आवश्यकता पड़ने पर और सफाई करना होगा, लेकिन मौके पर मौजूद सीएमओ ने बताया कि सिर्फ दो जगह ईतवारी बाजार और पुराने थाने के सामने शौचालय में केयर टेकर रखना है। सफाईकर्मी को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शौचालय निर्माण के बाद से नपा का सफाई अमला रोज सुबह सफाई करने आता है। संचालन एजेंसी ने कोई कामगार नही रखा है।

#### सात दिनों की सफाई मटेरियल रखना जरूरी

निरीक्षण के दौरान निर्वाचित जनप्रतिनिधि को सीएमओ नियम व शर्तों को लेकर भी भ्रामक जानकारी देने से नही चूके। रोज साफ सफाई में काम आने वाला मटेरियल एलईडी बल्ब, दरवाजे की कुंडी तक की व्यवस्था ठेका एजेंसी को करनी है इसके लिए अलग से राशि की उपलब्धता नही है, लेकिन सीएमओ ने कहा कि ठेकेदार का काम सिर्फ साफ सफाई करना है, सामान और शौचालय के रखरखाव की जिम्मेदारी नपा की है जबकि दैनंदिन मरम्मत और संधारण के लिए एजेंसी से अनुबंध है। मौके पर तो उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक को ईतवारी बाजार के शौचालय में बल्ब और बटन लगाने का मौखिक आदेश तक जारी कर दिया, लेकिन अनुबंध में इसकी जिम्मेदारी ठेका एजेंसी का है हालांकि बड़ी टूट फूट की स्थिति में एजेंसी द्वारा मिले प्रस्ताव पर निकाय प्रक्रिया अनुसार कारवाई कर सकता है। महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड वेंडिग मशीन की निःशुल्क व्यवस्था ठेका एजेंसी द्वारा किया जाना है, लेकिन शहर के किसी भी शौचालय में इतने सालों में सेनेटरी वेंडिंग मशीन दिखा तक नही है। बोर्ड मे सीटों की संख्या, केयर टेकर का नाम पता व मोबाईल नंबर, ड्रेस कोड, दस्ताने और गम बूट, साफ सफाई में काम आने वाले मटेरियल का सप्ताह भर के लिए भंडारण, मूत्रालय में एयर फ्रेशनर का उपलब्धता जैसे तमाम अनुबंध होने के बाद भी नपा ने बीते चार साल से पीएम मोदी के स्वच्छ भारत मिशन तहत स्वच्छता श्रृंगार के नाम से मिली राशि लगभग 57 लाख में से 47 लाख खर्च कर डाला है, लेकिन स्थिति जस की तस है।

#### शर्तों का उल्लंघन करने पर सीएमओ कर सकते हैं ठेका निरस्त

शहर के विभिन्न वार्डों के 19 सार्वजनिक शौचालयों में योजना उसकी साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था के लिए शोभा वेलफेयर सोसायटी खुर्सीपार भिलाई को दस और प्रमोदय विकास संस्थान धमतरी को 9 का फरवरी 20 में ठेका दिया गया, लेकिन निर्धारित अनुबंध की शर्तों का पालन नही करने के कारण पीआईसी की बैठक में जनवरी 21 को प्रमोदय का अनुबंध निरस्त कर उसके हिस्से के नौ शौचालयों का काम शोभा वेलफेयर को दे दिया गया उस समय यह बताया गया कि शोभा वेलफेयर के कार्य की गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुए निर्णय लिया गया, लेकिन अब शौचालय संचालन को लेकर शोभा वेलफेयर सोसायटी की कलई खुल रही है जबकि योजना तहत मिले पैसों के बंदरबांट की शिकायत भी आम हो रही है। सार्वजनिक शौचालयो का रोज प्रयोग करने वाले लोगों का भी कहना है कि किसी भी शौचालय में केयर टेकर नही है। नपा का अमला सुबह सफाई करता है। बद से बदतर व्यवस्था है, सीट टूटी हुई है, दरवाजे में कुंडी नही है और बिजली का बल्ब तो दूर बटन तक सही सलामत नही है उसके बाद भी हर महीने नपा ठेका एजेंसी को 1 लाख 81 हजार रूपयों से उपर का भुगतान कर रही है। योजना में इस बात को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है कि अनुबंध की शर्तों का पालन नही करने पर सीएमओ ठेका निरस्त कर सकते है।

#### जवाब देना होगा



पीएम मोदी के स्वच्छ भारत मिशन की नपा के अधिकारी जमकर धज्जियां उड़ा रहे है। बदहाल व्यवस्था होने के बावजूद अपना कमीशन सेट करने ठेका एजेंसी को लाखों रूपयों का भुगतान करते आ रहे है। विधानसभा में नपा प्रशासन को इसका जवाब देना होगा।

**- यशोदा वर्मा,** विधायक

---

## महिला खेलकूद आयोजन का जिला भाजपा अध्यक्ष ने किया उदघाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- यह आयोजन महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा : श्रीमती चंद्राकर

खेल व युवा कल्याण विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू मौजूद थे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय देवांगन, कन्या महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष मोनिका रजक, पार्षद रूपेंद्र रजक, सुमीत टांडिया, महामंत्री आलोक श्रीवास, गोरेलाल वर्मा मौजूद थे।


उदघाटन अवसर को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला अधिकारों के लिए कटिबद्ध हैं और प्रदेश सरकार भी उनके इस संकल्प के साथ मिलकर काम कर रही है। महिला खेलों का आयोजन व बालिका गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन खेलों का आयोजन सार्थक होगा। नगरपालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य शासन इस तरह के आयोजन की रूप रेखा बनाई है। घर परिवार की जिम्मेदारियों से अलग यह आयोजन महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

#### परस्पर सहभागिता से होगा सशक्त राष्ट्र निर्माण

सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा कि महिलाओं की परस्पर सहभागिता ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। फतेह मैदान में सुबह व शाम बेटियों और बहनों का खेलों में सहभागिता भविष्य के लिए एक नया संदेश दे रही है। जिसमें बेटियां सीआरपीएफ, एसएफ सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। जिला प्रशासन का आयोजन बहनों की उसी ऊर्जा को बढ़ाने का प्रयास है। इस दौरान जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर, पूर्व बीईओ महेश भूआर्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, नीलू सिंह, महदीप जंघेल, सुभाष चावड़ा, खिलेंद्र नामदेव, आलोक श्रीवास सहित अन्य मौजूद थे।

---

## अशोका में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- उपचार के लिए दिया मार्गदर्शन

अशोका आईटीआई में 4 दिसंबर को केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत मनकी स्थित छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक महाविद्यालय के चिकित्सकों द्वारा अशोका आईटीआई में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

विदित हो कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार के एप प्रकृति परीक्षण के माध्यम से पहले समस्त छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया गया। तत्पश्चात चिकित्सकों के दल ने बारी-बारी से सभी विद्यार्थियों का प्रश्नोत्तर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उपचार हेतु मार्गदर्शन दिया। छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक महाविद्यालय के चिकित्सकों के दल में डॉ. पूर्णिमा छाजेड़ के नेतृत्व में डॉ. सोनिका पांडे, डॉ. नित्या, डॉ. सृष्टि, डॉ. भरत, डॉ. आयुषी एवं डॉ. अंजल उपस्थित थे। कुछ विद्यार्थियों को परीक्षण उपरांत गहन चिकित्सकीय जांच हेतु उन्हें उनके चिकित्सा महाविद्यालय में आने कहा गया। अशोका आईटीआई की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापक प्रवीण अग्रहरि एवं अमित चौरसिया ने उक्त शिविर का संचालन किया। शिविर के अंत में अशोका आईटीआई के संचालक भूपेन्द्र चन्द्राकर ने सभी चिकित्सकों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

---

## राजपूत समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




राजपूत क्षत्रिय महासभा छग राहटादाह पं. क्र. 1282 राजनांदगांव उपसमिति महिला मंडल/ युवा मंडल द्वारा दीपावली मिलन का कार्यक्रम किया गया। इसमें मुख्य विषय समाज को नशामुक्त करना तथा समाज में युवाओं की स्थिति आज वर्तमान परिस्थितियों में देखने को मिल रहा है, नशा चरम सीमा पर बढ़ते जा रहा है, चाहे देश हो चाहे विदेश हो, चाहे समाज हो, परिवार हो। जिसके कारण आज बहुत सारे घटनाक्रम नशे के कारण हो रहे हैं। सरकार भी इसके लिए मुहिम और जागरूकता अभियान चला रही है। जिससे लोग नशे से हो रहे दुष्ट परिणाम जाने और उससे दूर रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि समाज की स्थिति को सुधारने हमको समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए और समाज की एकता बनाए रखनी चाहिए। महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने कहा कि समाज में नशे को रोकने अवश्य नए कदम उठाए जाएंगे। इस कारण सामान्य परिवार भी बिखेर रहे हैं, नशा चाहे किसी भी चीज का हो आज का वर्तमान स्थिति है। मोबाइल का भी एक नशा है, उसके कारण बहुत से दुष्ट परिणाम हमको देखने को मिल रहे हैं।

महिला मंडल सचिव माधुरी ठाकुर ने कहा कि अगर नशा करना ही है तो मेहनत, सक्सेस का करिये, संस्कार का नशा करें। जिससे आपकी उपलब्धियां व लक्ष्य दिखाई देंगे। कार्यक्रम में नीरज सिंह क्षत्रिय, छाया, ठाकुर भूपेन्द्र सिंह, बांके सिंह, शशि चौहान, सत्यम सिंह बघेल, सुरेंद्र सिंह, केदार सिंह, रघुनंदन सिंह, संतोष सिंह, रीना राजपूत, सुशीला चंदेल, दुर्गा चौहान, लक्ष्मी बघेल, आरती गौतम, कविता गौतम, माया विनोद, श्वेता ठाकुर, कीर्ति विनोद, मनीषा विनोद, सुरेखा ठाकुर, संजू चंदेल, सरोज बघेल, मीनल चौहान, किरण ठाकुर, सत्या ठाकुर, उपासना ठाकुर, मंजू क्षत्रिय, पिंकी ठाकुर, अंजू ठाकुर, रानी ठाकुर, विजयलक्ष्मी ठाकुर, वतन सिंह, संजय सिंह, चंदन सिंह, यशवंत सिंह, शंशाक सिंह, हर्षवर्धन सिंह पवार आदि युवा मंडल व महिला मंडल के वरिष्ठगण व पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रमुख ठाकुर आदर्श सिंह ने दी।

#### समाज में अनुशासन जरूरी

महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि समाज में अनुशासन और संस्कार होना चाहिए। जिससे आज की युवा पीढ़ी व महिला उसे अनुशरण करें। महासभा के मीडिया प्रमुख ठाकुर आदर्श सिंह ने कहा कि नशे का सबसे बड़ा जड़ आर्थिक समस्या व डिप्रेशन है। साथ ही परिवार का माहौल जिसके कारण नशा का सेवन इंसान की आदतों में आता है, अगर नशे से दूर रखना है तो अपने को आध्यात्मिक या सनातन की शिक्षा से प्रेरित करनी चाहिए।

### निषाद समाज की बैठक 8 को

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक 8 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद व लोकेश निषाद, ईश्वर निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। उक्त बैठक में प्रदेश संगठन के महासचिव मनोहर निषाद सहित प्रदेश पदाधिकारियों का आगमन होगा। बैठक में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है।

---

## हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाली आक्रोश रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मशाल आक्रोश रैली निकाली गई। हनुमान मंदिर इतवारी बाजार से निकली रैली नगर के प्रमुख चौंक चौराहों से होते हुए नया बस स्टैंड में रैली समाप्त हुई। रैली में बांग्लादेश की यूनुस सरकार के विरोध में नारे लगाए गए। नया बस स्टैंड में मीडिया को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में इस्कान के प्रमुख चिन्मयानंद को पैरवी के लिए वकील नहीं मिल रहा है और सरकार एक तरह से कट्टरपंथी ताकतों के समर्थन में काम कर रही, जो दुर्भाग्यजनक है। ऐसे में भारत का हिंदू समाज बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ खड़ा है। अनिल अग्रवाल ने कहा कि अल्पसंख्यक हिंदू समाज पर जिस तरह से कट्टरपंथी ताकतें हमला कर रही हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। वह अपने आप में शर्मनाक है। मिल जुलकर हम सबको इस नरसंहार का हर स्तर पर विरोध करना पड़ेगा। शशांक ताम्रकार ने हिंदुओं से एकजुटता का आह्वान करते हुए कहा कि बंटेंगे तो कटेंगे। ऐसे में हिंदुओं को एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार हिंदुओं के हितों को ताक में रखकर काम कर रही है। यदि हिंसा की वारदाते नहीं थमी तो भारत का हिंदू समाज चुप नहीं बैठेगा। इस दौरान विहिप प्रखंड अध्यक्ष राजीव चंद्राकर, शहर अध्यक्ष शुभम सिंह ठाकुर, हर्षवर्धन वर्मा, शहर संयोजक शिवम ताम्रकार, एबीवीपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुलशन भगत, महेश पटेल, वंदना टांडेकर, हेमू साहू, चेतन वर्मा, रितिक कंडरा, राजा रजक, सुमित कंडरा, अमन पटवा, सन्नी रजक, मेहुल निर्मलकर, अमन राजपूत, अखिलेश पटेल, चमन ढीमर, हर्ष कंडरा, ऋषभ यादव सहित अन्य मौजूद थे।

---

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन

## दिव्यांगता अभिशाप नहीं : घम्मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कन्या शाला दो चरणों में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा विभाग को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सकारात्मक सोच से आज आम विद्यार्थियों के साथ ही साथ विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए भी समावेशी शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से की गई है। आज विकलांग शब्द को विलोपित करते हुए दिव्यांग का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी व्यक्ति के लिए शारीरिक टिप्पणी नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि जो शरीर हमें प्राप्त है वो प्रकृति प्रदत्त है। कार्यक्रम अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है, इस सोच को बढ़ावा देकर दिव्यांगजनों विशेषकर विद्यार्थियों के अंदर की प्रतिभा को पहचानते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में 16 दिव्यांग विद्यार्थियों को व्हील चेयर का वितरण किया गया। जिले से उपस्थित दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक व क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एकल नृत्य, दौड़, निम्बू या चम्मच दौड़, बुक बैलेंस, कुर्सी दौड़ शामिल था।

#### जीवन में सफल होने का बताया सूत्र

समापन समारोह में विजेता दिव्यांग विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि शिक्षा विभाग से मेरा विशेष जुड़ाव रहता है। उन्होंने कहानी के माध्यम से जीवन में सफल होने के सूत्र को बताया। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने सभी विजेता दिव्यांग विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शुभकामना दी। कार्यक्रम संयोजक जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने आयोजन के उद्देश्य को रखते हुए पूरी रूपरेखा से परिचित कराया। इस दौरान डॉ. भोला साहू, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, बीईओ खैरागढ़ नीलम सिंह राजपूत, छुईखदान बीईओ रमेन्द्र डड़सेना, जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, एपीसी श्रीश पाण्डेय, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, एपीसी आत्माराम साहू, गिरवर कोसरे, व्यायाम शिक्षिका नीलू सिंह, गुंजन सिंह, बीआरपी आरती यादव, श्वेता सिंह ठाकुर, कमलेश्वर सिंह सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विभाष पाठक ने किया।

## सार समाचार

### गायत्री विद्या मंदिर में आध्यात्मिक ज्ञान गंगा स्पर्धा

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्या मंदिर में आध्यात्मिक ज्ञान गंगा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वामित्र, कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, गौतम,



जमदग्नि, वशिष्ट जैसे ऋषियों के नाम का ग्रुप बनाकर चार बच्चों की टीम बनाई गई थी। प्रतियोगिता का आयोजन चार चक्रों में किया गया। जिसमें प्रथम चक्र में गीता श्लोक अर्थ सहित द्वितीय चक्र में कबीर के दोहे एवं रामायण की चौपाई, तृतीय चक्र में वैदिक मंत्र और चतुर्थ चक्र में अध्यात्मिक प्रश्न रखा गया था।

इस अवसर पर पिपलाद ऋषि के जन्म को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। टीम कश्यप अपनी शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें भाविका साहू, शिवम वैष्णव, दिव्या सोनकर, रिया यादव विजेता रहे। उपविजेता गौतम टीम में अनिकेत सिन्हा, आयुषी मुल्लेवार, प्राची लिमजे, खुशी सोनकर रहे।

### पेंडरी में 11 को भजन सत्संग

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम पेंडरी में 11 दिसंबर को सदगुरु कबीर साहेब अंतर्ध्यान दिवस एवं श्रीमद् गीता जयंती महोत्सव पर्व पर भजन-सत्संग व आरती पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध मानस भजन मंडली ग्राम सारंगपुर खैरागढ़ से शिवराम सिन्हा एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। प्रमुख वक्ताद्वय दानीराम हिरवानी, देवेन्द्र हिरवानी कन्हारपुरी राजनांदगांव और कबीर आश्रम के महंत श्री सेवादास साहेब, मानस मर्मज्ञ भागवत साहेब, श्रीमद् गीता महात्म्य सामूहिक पाठ वक्ता जागेश्वर सिन्हा के सान्निध्य में होगा। स्कूल छात्र-छात्राओं एवं माता-बहनों द्वारा सामूहिक गीता महात्म्य पाठ किया जाएगा। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

### संविधान का हीरक जयंती समारोह 8 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ अजाक्स द्वारा आयोजित भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान की हीरक जयंती तथा क्रांतिवीर बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजन 8 दिसंबर को डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में 11.30 से 4:30 बजे तक संपन्न होगा। मुख्य अतिथि एडवोकेट डॉ. सुरेश माने प्रख्यात संविधान विशेषज्ञ एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष विधि विभाग मुंबई विश्वविद्यालय महाराष्ट्र होंगे। विशिष्ट अतिथि जसवंत घावड़े जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज राजनांदगांव तथा विश्वास मेश्राम सेवानिवृत्ति अपर कलेक्टर भिलाई होंगे। विशेष अतिथि सीएल चंद्रवंशी संरक्षक अजाक्स, सुशीला नेताम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा , एफआर वर्मा संरक्षक ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़, एडवोकेट नरेश जंजीर जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा राजनांदगांव तथा रईस अहमद शकील अध्यक्ष जामा मस्जिद राजनांदगांव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धार्थ चौरे जिला अध्यक्ष अजाक्स जिला राजनांदगांव करेंगे।

### एनएसयूआई ने उच्च शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव एनएसयूआई प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव के नेतृत्व में गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग के सचिव को जिला



पंचायत कार्यालय में ज्ञापन दिया गया। एनएसयूआई प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने बताया कि राजनांदगांव जिले में 12 शासकीय महाविद्यालय है। जिसमें बहुत से महाविद्यालय में नियमित प्राचार्य नहीं है। प्रभारी प्राचार्य के भरोसे है। शहर के शिवनाथ महाविद्यालय में पीजी की एम. काम, एमएससी जुलाजी कक्षा की शुरूआत करनी चाहिए एवं जितने भी विषय सेल्फ फाइनेंस उनकी फीस ज्यादा है, अगर उस विषय पर नियमित प्रोफेसर होंगे तो वह ज्यादा फीस नहीं होगी।

एनएसयूआई प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर ने कहा कि जिले में जिन महाविद्यालय में छात्रावास की सुविधा है, वहां पर शासन द्वारा निर्धारित सेटअप नहीं है। इस कारण छात्रों को अत्याधिक फीस देनी होती है। इस कारण छात्रावास में छात्र रहने की रूचि नहीं दिखाते हैं। शासन को सेटअप देना चाहिए। एनएसयूआई प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू कर दी गई है, लेकिन महाविद्यालयों में छात्रों के विषय के हिसाब से किताबें नहीं है। कार्यक्रम में एनएसयूआई प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव, प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर, शुभम प्रजापति, टीकेश देशलहरे, रोहन कुंजाम, कमलेश साहू, अतुल, रोहित उक्टेल, संजय साहू, आयुष सिन्हा, उपस्थित रहे।

### धर्माधिकारी शास्त्री का आज पेंडरी आगमन

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में कल 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सदगुरु कबीर धर्मस्थान खरसिया से परम पूज्य धर्माधिकारी सुधाकर दास शास्त्री साहेब अपने संत मंडली के साथ पधार कर सतलोक हंस गमन चलावा चौका आरती में दर्शन लाभ देंगे। सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम पेंडरी सुकुलदैहान के अध्यक्ष फलेश साहू के पिता सतलोक वासी फिरंता दास साहू के सतलोक गमन होने पर दशगात्र/श्रद्धांजलि अर्पित एवं कार्यक्रम में चलावा आरती पूजन संपन्न कराने पहुंचेंगे। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

### कांफ्लुएंस कॉलेज में अतिथि व्याख्यान आयोजित

**राजनांदगांव।** कांफ्लुएंस महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा 4 दिसंबर को लीडरशिप इन द मॉडर्न बिजनेस वर्ल्ड विषय पर अतिथि विज्ञान का




आयोजन किया गया। व्याख्यान के लिए दिग्विजय कॉलेज से सहा. प्रा. रागीनी परते उपस्थित रही। व्याख्यान प्रारंभ होने के पूर्व प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष आभा प्रजापति ने अतिथि व्याख्याता रागिनी पराते का स्वागत उद्बोधन कर अतिथि व्याख्यान कराने का उद्देश्य विद्यार्थियों से साझा किया।

व्याख्यान के दौरान रागिनी ने बताया की व्यवसायिक जगत में नेतृत्व को आधुनिकता के साथ कैसे जोड़ा जाए तथा उन्होंने विभिन्न महान हस्तियों का परिचय देकर व्यवसायिक जगत में उनके कौशलो, अनुभवों से अवगत कराते नवीन व्यवसाय करने हेतु कैसी योजना तैयार की जानी चाहिए, इसलिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

साथ ही विद्यार्थियों के मध्य नेतृत्व कौशल का विकास करने विद्यार्थियों को समूह में विभाजित कर व्यवसायिक गतिविधि कराकर नेतृत्व का रूचिपूर्ण उदाहरण दिया। व्याख्यान के अंत में देविका देवांगन ने अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खरीदी केंद्रों में विभिन्न समस्याओं को लेकर किया आंदोलन

# धान खरीदी को लेकर कांग्रेस ने किया मोहला में धरना प्रदर्शन व चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



आज जिला कांग्रेस कमेटी मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के नेतृत्व में जिले के धान खरीदी केंद्रों में विभिन्न अनियमितता, अनियमित धान खरीदी, बारदाना की कमी, टोकन में समस्या, एकमुश्त धान की राशि नहीं देने के संबंध में जिला मुख्यालय में चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि भाजपा की सरकार में किसानों के साथ केवल अन्याय हो रहा है। धान खरीदी के तय समय-सीमा में 47 दिन केवल शासकीय छुट्टी की हो रही है। जिसमें किसानों से धान ही नहीं लिया जाएगा, बावजूद शासन-प्रशासन के बदइंतजामी के कारण समिति प्रबंधकों ने धान के उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी बंद कर दिया। जिससे किसानों को नुकसान हो गया। धान खरीदी के बाद परिवहन नहीं होने के चलते किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा शासनकाल में किसान केवल अच्छे दिन का इंतजार करते रह गए है। किसान आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। केंद्रों में ऑफलाइन टोकन नहीं दिया जा रहा है। जिससे किसान अन्यत्र भटक रहे हैं। ऐसी अनगिनत समस्याएं धान खरीदी केंद्रों में देखा जा रहा है।

चक्काजाम में उपस्थित मुख्य वक्ता विधायक इंद्रशाह मंडावी ने धान खरीदी के मामले में सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि यह किसानों के साथ अन्याय है। जिलेभर में धान खरीदी सुस्त चाल में चल रही है। जिससे हजारों किसान साथी परेशान हैं। भाजपा सरकार चुनाव के पहले बड़े-बड़े वादे कर सत्ता में आई थी। सत्ता में आते ही भाजपा सरकार का किसान-जवान विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। सीधी सी बात है भाजपा की विष्णुदेव और मोदी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ में किसानों का पूरा धान खरीदना ही नहीं चाहती है। यही कारण है कि पहले धान उठाव के 72 घंटे के तय सीमा को रद्द किया, फिर किसानों को बारदाना उपलब्ध नहीं कराया। साथ ही मिलरों के साथ भी अनुबंध सही समय पर नहीं कर पाना सरकार की नाकामी है। जिनकी सजा किसान साथी भुगत रहे हैं। धान खरीदी शुरू हुए महीनेभर नहीं बीते है और अनगिनत अव्यवस्था केंद्रों में देखने को मिल रही है। उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से 4 गुना अधिक धान जमा हो चुके हैं, जिसे सरकार मिलिंग नहीं करा पा रही है।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

विधायक मंडावी ने प्रशासन को धान खरीदी केंद्रों में 7 दिवस के अंदर सुचारू संचालन नहीं होने पर उग्र आंदोलन एवं वृहद चक्काजाम करने का अल्टीमेटम दिया है। कांग्रेसी तेजकुंवर नेताम, संजय जैन, लच्छू साबले, अजय राजपूत, सदानंद शेंडे, कन्हैया राजपूत ने आरोप लगाया कि गांवों में दूरसंचार के सीमित साधन है। अधिकांश जगहों में कुछ भी नहीं है, वहां किसान साथी ऑनलाइन टोकन के लिए मशक्कत कर रहे हैं, जिस कारण उनका समय और आर्थिक क्षति भी हो रही है। टोकन तुहर हाथ ऐप्स भी सही कार्य नहीं कर रहा। कुल मिलाकर सरकार किसानों का धान खरीदना ही नहीं चाहती है और किसानों को परेशान करना चाहती है। न मिलर और न ही संग्रहण केंद्र, कहीं भी सरकार का नियंत्रण नहीं है। उपार्जन केंद्रों में जगह कम पड़ गई है, ये सब सरकार की सोची समझी रणनीति है कि किसानों से पूरा धान खरीदना ही नहीं है। किसानों को 50 प्रतिशत बारदाना स्वयं से लाने का फरमान जारी किया जा रहा है, जो सरकार अड़ियल रवैया को दर्शाता है। सरकार की यह नाकामी निंदनीय है।

### कबीर कुटी मनगट्टा में शिव महापुराण का आयोजन 11 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामवासियों द्वारा कबीर कुटी मनगट्टा में संगीतमय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन आगामी 11 से 17 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमें अरजकुंड वाले कथावाचक आचार्य पं. अनिल तिवारी महाराज कथा का रसपान कराएंगे। कथा के आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से शिवकथा ज्ञान रूपी गंगा प्रवाहित होगी।

11 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदी पूजन से कथा आरंभ होगा। वहीं 12 दिसंबर को शिवलिंग उत्पत्ति, नारद मोह, नंदी जन्म, 13 तारीख को सृष्टि वर्णन, सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह, 14 तारीख को संतान वर्णन, कार्तिक-गणेश जन्म कथा, अंधक का जन्म, रुद्राक्ष महोत्सव, 15 तारीख को 16 सोमवार कथा, शमी मंदरा कथा, गंगा अवतराण, भस्मासुर कथा, 16 तारीख को पशुपतिनाथ, तड़कासुर कथा, द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा और समापन अवसर पर 17 दिसंबर को रुद्राक्ष, बेल पत्ती की महिमा, शिव पार्थिव हवन, पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन होगा। वहीं कथा में प्रतिदिन शिव रुद्राभिषेक किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### शोभायात्रा...



**राजनांदगांव।** श्रीराम जानकी विवाह उत्सव के अवसर पर श्री गणेश हनुमान मंदिर मिथिलाधाम से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

## पूर्व सांसद यादव ने किया धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने गुरुवार को धान संग्रहण केंद्र गातापार का आकस्मिक निरीक्षण कर धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जोगी साहू शामिल थे। किसानों ने पूर्व सांसद को बताया कि सर्वर स्लो होने की वजह से ऑनलाइन टोकन लेने में कुछ जगहों पर परेशानी हो रही है, लेकिन एक बार टोकन मिल जाने के बाद धान आसानी से बेच पा रहे हैं और उसका भुगतान भी दो-तीन दिन बाद खाते में आ जाता है। ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन का प्रतिशत निश्चित होने से किसान सुविधाजनक माध्यम से टोकन ले पा रहे हैं। पूर्व सांसद ने किसानों को आश्वस्त करते कहा कि विष्णुदेव साय सरकार पंजीकृत किसानों



के धान का एक-एक दाना खरीदने प्रतिबद्ध है और वादे के अनुरूप समर्थन मूल्य का पैसा 72 घंटे के भीतर उन्हें प्राप्त हो रहा है। शेष बोनस का पैसा पिछले वर्ष की भांति इस बार भी किसानों के खाते में एकमुश्त जमा किया जाएगा। श्री यादव ने कांग्रेसियों के धान खरीदी केंद्र चलो अभियान को पूरी तरह फ्लॉप शो करार दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के किसान विरोधी शासनकाल में किस तरह किसानों को बोनस की राशि चार किस्तों में रूला-रूलाकर दी जाती थी, बारदाने की आपूर्ति में कटौती की जाती थी, खेत के रकबे में मेढ़ दर्शाकर रकबे में कटौती की जाती थी, सोसायटियों में कृत्रिम किल्लत दिखाकर खुले बाजार में महंगी खाद, बीज और वर्मीकंपोस्ट खरीदने किसानों को मजबूर किया जाता था। प्रतिवर्ष दिसंबर से धान खरीदी प्रारंभ कर किसानों को परेशान किया जाता था। पूर्व सांसद ने कटाक्ष करते पूछा है कि सत्ता के नशे में डूबे कांग्रेसी नेताओं ने तब मौन क्यों धारण किया था और अब सत्ता के बदलते ही उन्हें किसानों के दर्द का अहसास होने लगा है।

## करदाताओं की सुविधा के लिए 9 से वार्डों में शिविर

- माह अंत तक भुगतान कर 4 प्रतिशत छूट का लाभ लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम राजस्व वसूली के लिए सुनियोजित अभियान चलाने जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बकाया राजस्व वसूली के लिए वार्ड प्रभारियों के साथ-साथ पूरी राजस्व टीम को वार्डवार शिविर के संबंध में कार्यक्रम निर्धारित कर लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व शिविर के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त व राजस्व अधिकारी मोबिन अली रहेंगे।

आयुक्त विश्वकर्मा ने राजस्व वसूली कार्यक्रम की जानकारी देते बताया कि वर्तमान में नगर निगम की राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु 25 वार्डों में सुबह 10 से 4 बजे तक 9 से 14 दिसंबर तक प्रतिदिन वार्डों में चलाए जाने वाले इस अभियान के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व वसूली का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा दिसंबर माह में सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छूट का प्रावधान है। करदाताओं को छूट का लाभ देने एवं लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु वार्डों में शिविर आयोजित की जा रही है। शिविर में सम्पत्तिकर के साथ-साथ जलकर, समेकितकर, दुकान किराया/लाईसेंस/ गुमटी एवं अन्य बकाया की वसूली की जाएगी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि शिविर 9 से 14 दिसंबर तक वार्ड नं. 1 कर्मा भवन बजरंगपुर नवागांव, वार्ड नं. 3 व 8 के लिए सामुदायिक भवन मोतीपुर, वार्ड नं. 9 व 10 के लिए प्राथमिक शाला शंकरपुर, वार्ड नं. 13 के लिए सामुदायिक भवन गौरीनगर, वार्ड नं. 16, 17 व 19 के लिए केनरा बैंक के सामने ममता नगर, वार्ड नं. 20 के लिए प्राथमिक शाला पेंड्री, वार्ड नं. 23 के लिए कविता काम्प्लेक्स के सामने कमला कालेज चौक, वार्ड नं. 24 व 25 के लिए पुत्री शाला, वार्ड नं. 26 के लिए सत्यनारायण धर्मशाला, वार्ड नं. 31, 32 व 36 के लिए प्राथमिक शाला लखोली, वार्ड नं. 33 के लिए विनायक मार्बल के पास सनसिटी, वार्ड नं. 40 व 41 के लिए इंदिरा नगर पानी टंकी, वार्ड नं. 43 के लिए फिरंतीन मंदिर के पास सामुदायिक भवन बसंतपुर, वार्ड नं. 44 के लिए सामुदायिक भवन महेश नगर, वार्ड नं. 47 के लिए यादव भवन मोहारा, वार्ड नं. 49 के लिए पार्षद कार्यालय मोहड एवं वार्ड नं. 51 के लिए पार्षद कार्यालय हल्दी में शिविर का आयोजन किया गया है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि उपरोक्त शिविर स्थलों में किसी भी वार्ड के करदाता अपनी पुरानी भुगतान रसीद दिखाकर अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से नगर निगम द्वारा आयोजित वार्ड शिविर में उपस्थित होकर संपत्ति कर में 4 प्रतिशत छूट का लाभ लेकर अपने बकाया करों का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बनने की अपील की है।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

## एकल अभियान की संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर निकली रैली

### हरि कथा रथ के साथ निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एकल अभियान के तहत गांव के लोगों में सामाजिक समरसता, शिक्षा को बढ़ावा देकर अज्ञानता और अंधविश्वास को दूर करने देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से प्राथमिक शिक्षा और संस्कारों की शिक्षा दी जा रही है।

इसी अभियान के कड़ी में राजनांदगांव में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर शहर के गंज चौक से लेकर गुरुद्वारा चौक तक विद्यार्थियों की रैली निकाली गई। इस रैली में 400 से अधिक बच्चे शामिल हुए। एकल विद्यालय की महत्वाकांक्षी योजना सनातन जागरण हेतु हरि कथा रथ भी रैली में शामिल की गई। जिसमें भजन करते धर्मप्रेमी चल रहे थे। इस रैली में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी खूबचंद पारख, शिव वर्मा, पार्षद मधु बैद, विजय राय, रवि सिन्हा, राजा मखीजा सहित बड़ी संख्या में आयोजन से जुड़े लोग शामिल हुए।



#### दो दिवसीय प्रतियोगिता

7- 8 दिसंबर को शहर के गायत्री स्कूल परिसर में आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़ और योग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस प्रतियोगिता के बाद चयनित बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

#### संस्कारों की मिल रही शिक्षा

छत्तीसगढ़ प्रदेश में 4638 एकल विद्यालय चलाए जा रहे हैं। वहीं 426 विद्यालय राजनांदगांव जिले में है, जहां बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ संस्कारों की शिक्षा भी दी जा रही है।

#### कई बच्चों ने पहली बार देखा शहर

एकल अभियान खेलकूद प्रतियोगिता के संभाग प्रमुख कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि बच्चे विद्यालय तक नहीं जा पा रहे हैं तो विद्यालय को बच्चों के पास ले जाना है। इसी वाक्य के तहत देशभर में एक लाख स्थान पर एकल विद्यालय चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के विद्यार्थियों की खेलकूद प्रतियोगिता अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से आयोजित की जा रही है। जिसमें 600 विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सुकमा, दंतेवाड़ा, बैलाडीला जैसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से विद्यार्थी पहली बार शहर पहुंचे हैं।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### पुलिस विभाग की ओर से 9 अस्थाई स्कूल व 5 कोचिंग सेंटर संचालित

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत युवाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अनके प्रयास किए जा रहें है इन प्रयासों ने न केवल नक्सल प्रभावित इलाकों में शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया है बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया है। नक्सल प्रभावित और सुंदूर वनांचल क्षेत्रों में कबीरधाम पुलिस द्वारा 9 अस्थाई प्राथमिक शालाएं और पांच कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहें है। इन स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जा रही है। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा ओपन परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को फॉर्म भरवाने, किताबें वितरित करने और परीक्षा केन्द्र तक निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 500 से अधिक विद्यार्थी ओपन परीक्षा पास कर रोजगार प्राप्त कर चुकें है।

### शिक्षा की गुणवत्ता को जांचने परख परीक्षा संपन्न

**हरिभूमि कुकदूर।** वनांचल क्षेत्र कुकदूर में परख परीक्षा शंतिपूर्वक हुई। जिसमें छात्र छात्राओं की शिक्षा गुणवत्ता की जांच के लिए बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर परख परीक्षा हुई। वहीं इस परीक्षा में शिक्षक से लेकर स्कूल की भौतिक संसाधन, शिक्षक के गुणवत्ता, शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर परखने कक्षा 3री से 9वी के विद्यार्थी शामिल हुए।

**मांग:** विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई

# गौण खनिज चूना-पत्थर उत्खनन पट्टे पर रोक, ग्रामीण लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के ग्राम रहमान कांपा के ग्रामीणों ने क्षेत्र में प्रस्तावित गौण खनिज चूना-पत्थर उत्खनन पट्टे के खिलाफ एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों का कहना है कि चूना-पत्थर के उत्खनन से उनकी आजीविका, पर्यावरण और जल स्त्रोतों पर गंभीर असर पड़ेगा। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण मुख्य मुद्दा ग्रामीणों का मानना है कि क्षेत्र की उपजाऊ भूमि और पारिस्थितिकी तंत्र को खनन गतिविधियों से बड़ा नुकसान हो सकता है। उनके अनुसार चूना-पत्थर उत्खनन से मिट्टी की उर्वरता कम होगी, भूजल स्तर घटेगा और धूल व प्रदूषण का स्तर बढ़ेगा।

जिस पर ग्राम रहमान कांपा के ग्रामीणों ने सामूहिक बैठक और विरोध प्रदर्शन साथ ही साथ प्रमुख गणमान्य व ग्रामीणों द्वारा बैठक आयोजित कर इस मुद्दे पर परिचर्चा की और खनन पट्टे को स्वीकृत न किए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने अपनी आवाज उठाने के लिए स्थानीय विधायक कार्यालय, जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया।




### क्षेत्र में उत्खनन कार्य हेतु पट्टा स्वीकृति देने से क्षेत्रवासियों को समस्या

ग्रामीणों ने बताया कि जिला प्रशासन और खनिज विभाग से मांग कर इस मामले को गंभीरता से लें और चूना-पत्थर खनन पट्टे की स्वीकृति रोकें। ग्राम रहमान कांपा के ग्रामीणों यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। ज्ञातव्य हो कि उक्त शासकीय भूमि पर आस-पास के कई गांव व पण्डरिया शहर के निवासियों मवेशियों के लिए चारागाह के रूप में उपयोग किया जाता रहा है। उक्त जमीन पर उत्खनन कार्य हेतु पट्टा स्वीकृति देने से आसपास के कई गांवों व पशु पालकों के समक्ष चारागाह की समस्या खड़ी हो सकती है। यह मामला प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और ग्रामीणों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखने का है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की आवाज पर क्या कदम व कार्यवाही करता है।



# क्षेत्र में 18 से 31 दिसम्बर तक गूंजेगा बाबा गुरु घासीदास का संदेश

- जयंती व पर्व की तैयारी में जुटे सतनाम पंथ के अनुयायी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

सत्य के प्रेणा और छत्तीसगढ़ का प्रकाश पर्व बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरु पर्व की तैयारियां सतनाम पंथ के अनुयायियों द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है।

सतनाम पंथ समिति अध्यक्ष विजय कोशले ने बताया कि सतनामी समाज द्वारा गुरुद्वारा, जैतखाम व आसपास की साफ-सफाई के साथ ही साथ पंथी नृत्य की तैयारी गुरुद्वारा परिषर पर किया जा रहा है, सतनामी समाज द्वारा 18 से 31 दिसम्बर तक दिन भर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमे चौका मंगल आरती व पंथी नृत्य की धूम रहेगी। इन दिनों क्षेत्र में स्थित जैतखाम के आसपास रंग-रोगन के साथ पंथी नृत्य की तैयारियों जोर शोर से किया जा रहा है। गुरु घासीदास बाबा की जयंती को लेकर सतनामी समाज में खासा उत्साह है। जिसमें ग्राम बरबसपुर, सिंघनपुरी, डबराभाट, घुकसा, जेवडन खुर्द, बाझीमौहा, हरिनछपरा, राम्हेपुर, चंडालपुर, प्रभाटोला, रहंगी, बुधवारा, नेवारी, खुटू, मरपा, जमुनिया, बिजई व सोनबरसा सहित जिले के अन्य गांवों में स्थित गुरुद्वारा जैतखाम के आसपास साफ-सफाई व रंग-रोगन शुरु कर दी गई है।

गुरु बाबा घासीदास जयंती के दिन कवर्धा शहर व ग्रामीण अंचलों में सतनाम समाज बाहुल्य वार्डो में पंथी नृत्य के साथ भव्य सतनाम शोभा यात्रा निकाली जाएंगी। गुरुद्वारा और सत्य व अहिंसा के प्रतीक जैतखाम में श्वेत का पालो चढ़ाया जाएगा, इसकी तैयारी राज महन्त भंडारी साटीदार एवं सतनाम समाज के अनुयायियों द्वारा की जा रही है। वहीं सभी सतनाम समाज के लोग एकत्रित होंगे और बाबा गुरु घासीदास के अमरवाणी मनखे-मनखे एक समान का संदेशों तथा सादा जीवन उच्च विचार के उद्देश्य को जन-जन पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# भलपहरी निवासी रिटायर्ड सैनिक बना नायब तहसीलदार, समाज व ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



- ग्रापं भलपहरी व क्षेत्रवासियों में भारी खुशी व उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी में रिटायर्ड कर्मचारी ने विधिवत अपने लक्ष्य हासिल करने में अव्वल रहा। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भलपहरी निवासी केजाराम पटेल ने सन 2002 में सैनिक मिलिट्री (आर्मी) में चयन होकर अपने और देश की सेवा करने के लिए चयन हुआ, जिसमें केजाराम पटेल ने सफलता पूर्वक देश के सेवा तथा देश के लिए मर मिटने का संघर्ष किया।

यह संघर्ष 20 वर्ष पूर्ण कर सन 2022 आर्मी से सेवा मुक्त हुए। केजा राम पटेल मेधावी छात्र रहे, केजा राम पटेल के दो पुत्र है वह भी अपने करियर बनाने में लगे हुए हैं बड़े बेटा ने स्नातक कर बिलासपुर में (पीएससी) के कोचिंग कर रहें है और वहीं छोटे बेटा शिवा पटेल ने दिल्ली में (आईएएस) के कोचिंग में लगे हुए है निश्चित ही इनको कामयाबी मिलेगा, साथ ही छोटे भाई रामशरण पटेल शासकीय हाई स्कूल नेउर में लेक्चरर के पद पर पदस्थ है और वहीं एक भाई श्रवण पटेल लेखापाल महासमुंद में है ऐसे जीवन की संघर्ष को पार कर केजाराम पटेल ने विद्यार्थी जीवन में मेधावी छात्र रहे।

वहीं केजाराम पटेल का नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने की समस्त ग्राम पंचायत भलपहरी एवं पटेल समाज में भारी खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है। जिस पर परिजनों व समाज के पदाधिकारियो व ईष्टमित्र जनो ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए केजाराम पटेल का भलपहरी ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया।

उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि समस्त ग्रामवासियों व नागरिक का आशीर्वाद है जो मैने अपना लक्ष्य प्राप्त किया साथ ही पूरे ग्रामवासियों का आभार प्रदर्शन करते हुए नई पीढ़ी के युवा वर्ग तथा विद्यार्थी को गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांय का भी वास्तविक अर्थ बताएं ताकि विद्यार्थी सही ट्रैक लाइन में आकर अपना जीवन करियर को सफलता की ओर ले चलने की बात कही साथ ही साथ नई युवा पीढ़ी को नशा से दूर रहने कहा। इस दौरान विदेशी राम ध्रुर्वे, बरसती राम वर्मा, चैनसिंह छेदावी, मालिक राम पटेल, भागवत पटेल, गुल्ला पटेल, सुखनंदन पटेल, डोंगरू पटेल, परदेशी ध्रुर्वे, नंदेलाल पटेल, रूपसिंह ध्रुर्वे, मेवाराम पटेल, प्रताप ध्रुर्वे, दसे पटेल, तिलक पटेल, राजा पटेल, देवेंद्र पटेल, सरोज पटेल, रमेश वर्मा, जयकरण विश्वकर्मा, प्राचार्य धनसिंह ध्रुर्वे, संजय गुप्ता, शेखर जायसवाल, पंचराम पटेल, रामचरण लांझी, परमेश्वर पटेल एवं समस्त ग्रामीण तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### एक कदम स्वच्छता की ओर साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के भोरमदेव शक्कर कारखाना स्थित है जहां कॉलोनी निवासी भागचंद वर्मा और अन्य सदस्यों द्वारा मां दुर्गा पंडाल व हनुमान मंदिर तथा आसपास की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में एक कदम स्वच्छता की ओर मनुष्य को हमेशा तैयार रहना चाहिए, अपने गली-मोहल्ले, चौक चौराहे, मंदिर व धार्मिक तथा सामाजिक स्थल में एक कदम स्वच्छता की ओर बढ़े, ताकि धार्मिक स्थल और आसपास क्षेत्र में स्वच्छता बना रहे। उन्होने बताया कि साफ सफाई होने से भी कोई प्रकार की बीमारी मच्छर नहीं होता साथ ही साथ गंदगी से बीमारी प्रवेश लेता है क्योंकि मानव जीवन सबसे बड़ा जीवन होता है मनुष्य को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है ताकि मनुष्य का जीवन सबसे उत्तम और श्रेष्ठ जीवन होता है जिनके लिए स्वयं जिम्मेदार होते हैं इसलिए एक कदम बढ़ाकर समय निकालकर साफ-सफाई की ओर ध्यान देना चाहिए।

# अभाविप ने निकाली बाबा साहब की संदेश यात्रा, जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कवर्धा नगर में भव्य शोभा यात्रा निकालकर बाबा साहेब संदेश यात्रा रैली की शुरुआत किया, जिसमें हजारों की संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता और समाज सुधारक थे, उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू, मध्यप्रदेश में हुआ था। डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष के बल पर उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत में दलितों, पिछड़े वर्गों और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।




डॉ अंबेडकर ने भारतीय समाज में व्याप्त जातिवाद, असमानता और भेदभाव के खिलाफ कड़ा विरोध किया। उन्होंने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की नींव पर आधारित था। इसके अलावा उन्होंने बौद्ध धर्म को अपनाया और लाखों लोगों को दलित समुदाय से बौद्ध धर्म की ओर प्रेरित किया ताकि वे जातिवाद से मुक्ति पा सकें। उनकी प्रमुख कृतियां जातिवाद का उन्मूलन, भारतीय संविधान का मसौदा और बुद्ध और उनके धम्म जैसी किताबें हैं। उनका जीवन और कार्य भारतीय समाज में बदलाव लाने और समाज की दिशा को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिस पर प्रदेश सहमंत्री तुषार चंद्रवंशी ने बताया कि महापरिनिर्वाण दिवस को अभाविप सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई है। डॉ बीआर अंबेडकर को समानता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है, सामाजिक और आर्थिक भेदभाव के बावजूद अंबेडकर को समाज के हाशिये से उठकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सबसे आगे रहने की विरासत मिली है। बाबा साहब ने अग्रणी संविधान का मसौदा तैयार कर सामाजिक न्याय और समानता की गहन समझ का उदाहरण दिया। बाबा साहेब ने जीवन भर छूआछूत का विरोध किया और दलित समाज के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए सरहानीय कार्य भी किए। साहब समाज सुधारक, राजनेता, लेखक और संपूर्ण भारत को समरसत्ता प्रदान करने वाले जननेता के रूप में प्रसिद्ध हैं।

उन्होंने दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत को सौंपा और हर जाति, धर्म, वर्ग के लोगों को एक सूत्र में रखने का कार्य किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतिवर्ष बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों से शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं को जागरूक कर उन्हें आत्मसात कर सामाजिक परिवर्तन की दिशा में युवा शक्ति को जोड़ने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करती है। सामाजिक समरसत्ता दिवस अभाविप की देशभर में विस्तारित इकाइयों द्वारा मनाए जाने वाले वर्ष के प्रमुख कार्यक्रमों में एक है। इस कार्यक्रम में अभाविप के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# ब्राम्हण समाज ने किया होनहार व प्रतिभावान युवाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा में ब्राम्हण समाज के होनहार युवाओं शशांक शर्मा पिता दिनेश शर्मा, मामा पारसमणि शर्मा और प्रशांत तिवारी पिता मुन्ना तिवारी ने सफलता अर्जित की। इनकी इस उपलब्धि पर गुरुवार को जिला ब्राम्हण समाज और युवा ब्राम्हण समाज ने उनका भव्य सम्मान किया। यह कार्यक्रम जिला ब्राम्हण समाज अध्यक्ष बंटी तिवारी और युवा ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष डॉ आनंद मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में जिला ब्राम्हण समाज अध्यक्ष बंटी तिवारी ने कहा शशांक और प्रशांत ने अपनी मेहनत और दृढ़ निश्चय से यह सफलता अर्जित की है। यह पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। ब्राह्मण समाज हमेशा अपने युवाओं को प्रेरित करने और सहयोग देने के लिए तत्पर रहेगा। समाज को गर्व है कि उसकी नई पीढ़ी इतनी सक्षम और मेहनती है। वहीं युवा ब्राम्हण समाज अध्यक्ष डॉ आनंद मिश्रा ने इस अवसर पर कहा शशांक और प्रशांत ने न केवल अपनी मेहनत से मुकाम हासिल किया है, बल्कि अन्य युवाओं को भी प्रेरणा दी है। युवा ब्राम्हण समाज हमेशा ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा और आगे बढ़ने के लिए उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। इस दौरान जिला ब्राम्हण समाज उपाध्यक्ष वेदनारायण तिवारी, उमंग पाण्डेय, सचिव सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सिद्धु तिवारी, प्रमोद शुक्ला व युवा ब्राम्हण समाज राजेश पाण्डेय, विपिन शर्मा, भावेश मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, कमलेश द्विवेदी, संजय मिश्रा व समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित थें।

### मेहनत व आशीर्वाद ने दिलाई सफलता: शशांक शर्मा

सम्मानित प्रतिभागी शशांक शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा मेरे माता-पिता, गुरुजनों और समाज के आशीर्वाद के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। उन्होने युवा को यही संदेश देना कि मेहनत और अनुशासन सफलता की कुंजी हैं। इस सम्मान ने मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया है।

### समाज के सहयोग से संभव हुआ सफर: प्रशांत तिवारी

दूसरे चयनित प्रतिभागी प्रशांत तिवारी ने कहा ब्राम्हण समाज ने मुझे जो प्रोत्साहन और सहयोग दिया वह हमेशा मेरी प्रेरणा रहेगा। इस सम्मान से मुझे और मेहनत करने की शक्ति मिली है। मैं समाज और अपने परिवार के लिए कुछ बड़ा करने का प्रयास करूंगा।

### सोनपुरी (रानी) में रावे उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भोरमदेव कृषि महाविद्यालय कवर्धा के छात्र छात्राओं के द्वारा ग्राम सोनपुरी (रानी) में ग्रामीण कृषि कार्य 2024-25 अनुभव अंतर्गत रावे उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संत कबीर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ श्रीवास्तव, एसके रॉय, भोरमदेव महाविद्यालय प्राचार्य जितेंद्र चंद्रवंशी व सह संयोजक अश्वन जायसवाल, निलेश साहू व ग्राम सरपंच, उपसरपंच, सचिव एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें। जिसमें छात्र विनय लांझेकर, अमित बंजारे, प्रवीण कुमार, अंकित पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, प्रतीक तिग्गा, प्रवीण सिन्हा, सुमन साहू, खेमकुमारी व अन्य सहपाठियों द्वारा प्लांट क्लीनिक (कृषि समाधान केंद्र) लगाया गया, जिसमें फसलों में लगने वाली बीमारियों से परिचित कराया गया व समाधान बताया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीण किसानो को श्रीफल व पौधा भेंट किया गया एवं फसलों के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अब तक 22215 क्विंटल धान की खरीदी

**कोदवागोड़ान।** जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम कोदवागोडान में संचालित धान खरीदी केन्द्र में गत 14 नवम्बर से जारी समर्थन मूल्य में धान खरीदी निर्वाद्ध रूप से जारी है। केंद्र प्रभारी रमाशंकर चंद्राकर तथा आपरेटर कुलदीप चंद्राकर से मिली जानकारी के मुताबिक केन्द्र में कुल 409 किसानो का पंजीयन है। उन्होने बताया कि इस किसानो से अभी तक कुल 22215 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से 2920 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है वहीं 19295 क्विंटल धान की खरीदी शेष है जो निर्धारित अंतिम तिथि तक पूर्ण कर लिया जाएगा। केंद्र प्रभारी रमाशंकर चंद्राकर ने मांग की है कि जिस ढंग से समिति में धान की आवक बनी हुई है उसे देखते हुई धान के उठाव में तेजी लाने की जरूरत है।

### आवेदन जमा करने की तिथि 11 दिसम्बर तक

**कवर्धा।** दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के बीए, बीएससी, बीकाम, बीएससी गृह विज्ञान, मीडीए उष्म सेमेस्टर में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए नामांकन आवेदन फार्म आनलाइन पद्धति से विवि की की हार्डकापी जमा करने की अंतिम अधिकृत वेबसाइट में भर सकते हैं। तिथि 14 दिसम्बर है। विवि के सहायक इसके लिए नामांकन शुल्क की राशि 150 रुपए है। विलंब शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर निर्धारित है। महाविद्यालय में नामांकन आवेदन फार्म कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने बताया कि अंतिम तिथि के पश्चात विधि द्वारा किसी भी छात्र के नामांकन फार्म पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिले में अभियान का शुभारंभ आज से

**कवर्धा।** कवर्धा जिले में निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़, 100 दिवसीय पहचान व उपचार अभियान का शुभारंभ 7 दिसंबर से होगा। यह अभियान 24 मार्च 2025 तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य टीबी व कुष्ठ रोग से ग्रसित शंकास्पद मरीजों की पहचान कर उपचार करना, जिले में मृत्यु दर को कम करना है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. केशव ध्रुव ने बताया कि अभियान चलाकर टीबी, कुष्ठ रोग के शंकास्पद मरीजों की पहचान की जाएगी।

# प्रदेश में सर्वाधिक गन्ना उत्पादन और गुड़ फैक्ट्री वाले जिले में शक्कर से मंहगा बिक रहा गुड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में सबसे अधिक गन्ना उत्पादन करने वाला जिला है, जिसके चलते कबीरधाम जिले में प्रदेश के दूसरे जिलों की अपेक्षा सार्वधिक गुड़ फैक्ट्रियां भी संचालित हैं, एक अनुमान के मुताबिक जिले में इस समय साढ़े तीन सौ चार सौ की संख्या में गुड़ फैक्ट्रियां संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा दो सहकारी शक्कर कारखाना तथा कुछ मिनी शुगर मिल भी गन्ना पेराई कर रही है। लेकिन दुर्भाग्यजनक है दिन रात शक्कर और गुड़ बनाने वाले इस जिले के बासिंदों को अपना मुंह मीठा करने के लिए आज भी ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है। नगर के बाजार से मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा नगर में इन दिनो गुड़, शक्कर से भी मंहगा बिक रहा है। इन दिनों बाजार में जहां गुड़ पचास से साठ रूपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है वहीं शक्कर करीब 45 रूपए के भाव से बिक रही है। बाजार सूत्रों के मुताबिक मकर संक्रांति आते-आते गुड़ के भाव और भी अधिक बढ़ने की पूरी संभावना है। इस स्थिति में समझ से परे है कि आखिर गुड़ का मूल्य निर्धारण किस आधार पर और कौन कर रहा है। जबकि किसी वस्तु के मूल्य निर्धारण के नियमों की बात की जाए तो वह लागत के आधार पर की जाती है। जानकारों के मुताबिक चालू पेराई सत्र में जिले में निजी गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा गन्ना करीब 300 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जा रहा है और एक क्विंटल गन्ना में तकरीबन 40-50 किलो गुड़ तो तैयार हो ही जाता है। अन्य लागत मूल्यों को जोड़ा जाए तो भी गुड़ की कीमत 30-35 रूपए के करीब ही निर्धारित होती नजर आती है। बावजूद इसके बाजार में 50-60 रूपए किलो के भाव से गुड़ बिकना निश्चित रूप से विडंबना से कम नहीं है।

### स्थानीय फैक्ट्रियों में गुड़ नहीं बनाया जा रहा है सीरा



बताया जाता है कि इसके गुनाहगार मुख्य रूप से गुड़ फैक्ट्री संचालक ही है। जो गुड़ फैक्ट्री की कानूनी खानापूर्ति कर फैक्ट्री तो संचालित कर रहे हैं लेकिन आम लोगों के लिए उपयोगी गुड़ नहीं बल्कि सिर्फ सीरा बना रहे हैं और इस सीरा को टीनो में भरकर दूसरे राज्यों में भेज रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इस सीरा का उपयोग अग्रेजी शराब बनाने के लिए किया जाता है। यहां बताना लाजमी होगा कि यह कोई आज की बात नहीं है बल्कि बीते कई वर्षो से गन्ना पेराई के सीजन में जिले के अधिकांश गुड़ फैक्ट्री संचालक यही कृत्य करते आ रहे हैं। जिन पर शासन-प्रशासन ने आज तलक लगाम लगाने की जहमत नहीं उठाई है। यही वजह है कि इस स्थिति में आज भी कबीरधाम जिले में मण्डला सहित अन्य स्थानों का गुड़ खप रहा है और आयात शुल्क अधिक होने के कारण सामान्य से अधिक कीमत में बिक रहा है। जिसकी कीमत पूरे प्रदेश में सार्वधिक गन्ना उत्पादन करने वाले इस जिले के बासिंदें को चुकानी पड़ रही है।

**अनदेखी:** जिले के खरीदी केन्द्रों में अवैध धान बेचने वाले सक्रिय

# अवैध धान की धरपकड़ के लिए गठित टीम चक पाइंट से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में चल रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से धान खपाने की जुगत भिड़ाने वालों पर नजर रखने और दूसरे राज्यों व जिलों से अवैध धान की खेप को जिले में पहुंचने से रोकने के लिए कहने को तो प्रशासन ने जिले के सभी सीमावर्ती चैक पाईंटो में निगरानी टीम तैनात कर रखी है लेकिन सूत्रों की माने तो ये टीमे न तो अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन कर रही है और न ही अवैध धान की खेप को जिले में दाखिल होने से रोकने कोई दिलचस्पी दिखा रही है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि जिले के धान खरीदी केन्द्रों में बड़े पैमाने में अवैध धान खप रही है जिसका खामियाजा स्थानीय किसानो को तो भुगतना ही पड़ रहा है साथ ही शासन को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। गौरतलब है कि बीते 14 नवम्बर से जिले के करीब 108 धान खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है। हर साल की तरह इस साल भी धान खरीदी के दौरान दूसरे राज्यों व जिलो से अवैध धान जिले के धान खरीदी केन्द्रों में खपाने की मंशा रखने वालों की धरपकड़ के लिए धान खरीदी के पूर्व से ही जिला प्रशासन ने जिले के सीमावर्ती चिल्फी बैरियर, पोलमी बैरियर, दशरंगपुर सहित कबीरधाम जिले से गुजरने वाले राजनांदगांव मार्ग तथा बिलासपुर मार्ग के अंतिम छोर में जांच टीमे तैनात की गई थी। जिन्होने धान खरीदी प्रारंा होने के शुरूआती दिनो में कुछ लोगों को अवैध धान परिवहन करते पकड़ा भी था। लेकिन बताया जाता है कि इसके कुछ ही दिनो में सब कुछ ठंडा पड़ गया। अब प्रशासन द्वारा गठित ये टीमे अपने कार्य क्षेत्र में नजर ही नहीं आती और एक प्रकार से सभी रास्ते अवैध धान परिवहन के लिए खुले पड़े है। कुछ चैक पाइंट में भले ही दिन के समय टीम के कुछ सदस्य जांच करते नजर भी आ जाते हैं लेकिन रात के समय तो इन चैक पाइंटों को मानो अवैध धान परिवहन के लिए ही खोल दिया जाता है। सूत्रों की माने तो इन चैक पाइंटों से रात के समय बड़ी मात्रा से दूसरे राज्यों व जिलों से अवैध धान की खेप जिले में दाखिल हो रही है और अलग-अलग धान खरीदी केन्द्रों में खप भी रही है। माना जा रहा है कि अगर जिले की सीमाओं में इस बात की सख्ती से जांच की जाए तो बड़ी मात्रा में अवैध धान जप्त की जा सकती है।

### छत्तीसगढ़ में धान का सबसे अधिक सरकारी मूल्य



यहां बताना लाजिमी होगा कि संभवतः पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य ही ईकलौता राज्य है जहां धान का सबसे ज्यादा सरकारी मूल्य निर्धारित किया गया है। यहां वर्तमान में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल के भाव से धान की खरीदी कर रही है। जो छत्तीसगढ़ में ही बीते वर्षो की अपेक्षा अधिक है। यही वजह है कि यहां दूसरे राज्यों में उत्पादित धान को खपाने के लिए कई व्यापारी और दूसरे लोग जुगत भिड़ाते हैं।

### रिस्तेदारों तथा दूसरे किसानों की पर्ची में खपा दी जाती है अवैध धान

सूत्रों की माने तो अवैध धान की खेप जिले के धान खरीदी केन्द्रों में बड़े ही सुनियोजित ढंग से खपाई जाती है। इसके लिए या तो जिले में रहने वाले नाते रिश्तेदारों अथवा परिचितों की पर्ची का सहारा लिया जाता है या फिर सांठगठ कर बेंच दिया जाता है।

# लोहारीडीह अग्नि व हत्याकाण्ड के चार मामलों में 23 लोगों को मिली बड़ी राहत

- अन्य मामले में आरोप कायम, रहेंगे जेल में ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




कबीरधाम जिले के लोहारीडीह अग्निकांड और हत्या मामले में जिला कोर्ट ने 23 आरोपियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने आरोपियों को चार प्रकरणों से मुक्त किया है।

गौरतलब है कि गत 14 नवंबर 2024 को पुलिस विभाग ने न्यायालय में 23 आरोपियों को चार प्रकरणों से मुक्त करने का निवेदन किया था। लेकिन कोर्ट ने पुलिस की याचिका खारिज कर दी थी। परिजनों ने फिर से उच्च न्यायालय में अपील की। जिस पर न्यायधीश ने 23 आरोपियों को चार प्रकरण से मुक्त कर अग्निकांड व हत्या मामले में रिहा करने का आदेश दिया है। इस संबंध में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बताया कि लोहारीडीह घटना में दर्ज एफआईआर 62, 63, 64 और 65 और 66 में धारा 62 को छोड़कर ग्रामीणों ने एक आवेदन आईजी को दिया था कि ग्रामीण निर्दोश है और घटना में वे शामिल नहीं है। जिस पर इस मामले की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई थी। जांच में 23 आरोपियों के खिलाफ आगजनी, हत्या प्रकरण में सबूत नहीं मिले। इनका बयान दर्ज कराया गया। उस आधार पर 23 आरोपियों पर दर्ज 4 प्रकरण से मुक्त किया गया है। लेकिन पुलिस पर पथराव मारपीट मामले में केस जारी रहेगा। माना जा रहा है कि ऐसी स्थिति में भले ही ग्रामीणों को चार मामलों में राहत जरूर मिली है लेकिन अभी उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा।

### गत 14 सितम्बर को सामने आया था लोहारीडीह काण्ड

14 सितंबर 2024 को मध्यप्रदेश सीमा में कबीरधाम जिले के ग्राम रेंगाखार जंगल अंतर्गत ग्राम लोहारीडीह निवासी शिव प्रसाद उर्फ कचरु साहू की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया गया। पुलिस ने प्रथम दृष्टया शिव प्रसाद की मौत को आत्महत्या बताया। जिस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और गांव के रघुनाथ साहू पर हत्या के आशंका में मारपीट कर उनके मकान को आग के हवाले कर दिया। इस घटना में रघुनाथ की हत्या कर उनके शव को मकान में जला दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव में घुसने से रोका और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। बाद में पुलिस फोर्स के साथ गांव में घुसी और 69 लोगों को गिरफ्तार किया गया। घटना में पुलिस ने 169 लोगों पर पांच एफआईआर दर्ज की इनमें से 23 लोगों के खिलाफ हत्या आगजनी मामले में शामिल होने का पुलिस को कोई सबूत नहीं मिला। जिन्हें अब इस मामले से दोष मुक्त किए जाने का आदेश न्यायालय ने दिया है।

# दो दिनों में चावल व धान से भरे दो ट्रक दुर्घटना का शिकार, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते दो दिनो में जिले के दो अलग-अलग ईलाकों में दो ट्रक दुर्घटना का शिकार हो गए। हालांकि इन दोनों ही सड़क हादसों में किसी की जान तो नहीं गई लेकिन दोनों ही वाहनो के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से चावल लेकर छत्तीसगढ़ दाखिल हो रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बजाग-पंडरिया मार्ग में स्थित ग्राम पोलमी के पास अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट खाई में गिर गया। बताया जाता है कि तेज रफ्तार ट्रक के लुढ़कते हुए सड़क किनारे करीब 20 फीट खाई में गिरने से जहां ट्रक के परखच्चे उड़ गए वहीं ट्रक चालक सहित अन्य दो सवार घायल हो गए। घटना की जानकारी राहगीरों से मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सही घायलों को खाई से निकालकर कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया।



वहीं शुक्रवार को जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्रा राम्हेपुर के पास धान से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक ट्रक के कैबिन में ही फंसकर रह गया। जिसके घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कांच तोड़कर बमुस्किल बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

# 65 वनरक्षक भर्ती के वंचित अभ्यर्थियों के लिए 8 दिसंबर को आरक्षित तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा वनमंडल के अंतर्गत 65 वनरक्षकों की भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक नाप-जोख एवं दक्षता परीक्षा 25 नवंबर 2024 से 8 दिसम्बर 2024 तक शासकीय पीजी कॉलेज मैदान, कवर्धा में आयोजित की जा रही है। इस प्रक्रिया में कुल 29,892 अभ्यर्थियों ने भाग लिया है। जिन अभ्यर्थियों ने अस्वस्थता या अन्य कारणों से अपने प्रवेश पत्र में दिए गए तिथि और समय पर परीक्षा में भाग नहीं लिया था और जिन्होंने कार्यालय प्रमुख के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है, उन्हें विभाग द्वारा एक और अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी अब 8 दिसम्बर 2024 को प्रातः 6.00 बजे पीजी कॉलेज मैदान, कवर्धा में अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। वन मंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि वंचित अभ्यर्थियों को यह आरक्षित तिथि विशेष रूप से उनके आवेदन के आधार पर प्रदान की गई है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर भर्ती प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूरा करें। अधिक जानकारी के लिए संबंधित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### धीमा उठाव...



**कवर्धा।** जिले के धान खरीदी केन्द्रों में धीमी रफ्तार से हो रहा है धान का उठाव, प्रबंधन चिंतित।

**राजनीतिक दलों को आरक्षण का तो नगर की वोटर जनता को चुनाव का इंतजार**

# बोड़ला नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जहां लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है वहीं राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पंचायत से नगर पंचायत बनने के बाद भी बोड़ला की छवि में व्यापक सुधार नहीं हुआ है। बीते सभी कार्यकाल में विकास कार्यों की धीमी गति और अंतरकलह ने नगर की साख और विकास को प्रभावित किया है। अब जब बोड़ला के मतदाता इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों का चुनाव करेंगे, तो यह चुनाव जनता के लिए एक नई शुरुआत का अवसर होगा। बोड़ला के मतदाता इस बार सोच-समझकर ऐसा नेतृत्व चुनना चाहते हैं, जो नगर के विकास की दिशा में ठोस कदम उठा सके। बीते सभी कार्यकाल की खामियों से सबक लेते हुए जनता ने उम्मीद जताई है कि इस बार बेहतर नेतृत्व को चुना जाएगा, जो बोड़ला को विकास की नई ऊंचाई तक ले जाए।




### चुनाव रखेगा बोड़ला के विकास की नींव

माना जा रहा है कि इस बार का चुनाव न केवल नगर पंचायत बोड़ला के भविष्य की दिशा तय करेगा, बल्कि यह भी दर्शाएगा कि जनता किस हद तक बीते कार्यकाल की खामियों को सुधारने के लिए तैयार है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस, हर पार्टी बोड़ला नगर की जनता का विश्वास जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। चुनाव के पहले चुनावी वादे सिर्फ जनता को छलने का काम आता है। आगामी चुनाव केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि बोड़ला नगर की छवि बदलने का अवसर भी है। जनता की सूझबूझ और मतदान का सही निर्णय बोड़ला के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा।

### तैयारियां जोरों पर आरक्षण का इंतजार

पिछले 17 साल के कार्यकाल में नगर पंचायत प्रशासन की निष्क्रियता ने जनता को निराश किया। विकास कार्यों में कमी और जनहित के मुद्दों पर ध्यान न दिए जाने से नगर की स्थिति जस की तस बनी रही। जनता का विश्वास बहाल करने और बोड़ला को विकास के पथ पर ले जाने के लिए इस बार जनता एक कुशल, ईमानदार और दूरदर्शी नेतृत्व चुनने के लिए संकल्पित है। नगर की विकास की स्थिति का अंदाजा सिर्फ इन बातों से लगाया जा सकता है कि यहा आज पर्यंत एक बस स्टैंड तक नहीं है। इसके अलावा सार्वजनिक शौचालय, यात्री प्रतीक्षालय, मुक्तिधाम में आसपास के किसानों का कब्जा और अव्यस्था, पोस्ट ऑफिस भवन का आभाव वर्षो से बना हुआ है। वहीं बोड़ला नगर की जनता अपने बच्चों को कभी गार्डन घुमाना चाहे तो 20 किलोमीटर कवर्धा लेकर जाना पड़ता है। नगर के तालाब की गन्दगी का आलम बताया नही जा सकता सफाई के नाम लीपा पोती बस होती है। अब अगर स्वास्थ्य की बात की जाए तो यहां के सामुदायिक स्वास्यि केन्द्र में एक भी महिला डॉक्टर नही है। अब जनता किसे चुने जो इन सभी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करें ताकि नगर बोड़ला का विकास हो सके यह आने वाले वक्त में तय होगा।

# बालिकाओं को सशक्त बनाने प्रशिक्षक, संस्था समूह से आवेदन 11 दिसम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कबीरधाम जिले के सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार, यह कार्यक्रम चारों विकासखंडों— बोड़ला, कवर्धा, पंडरिया, और सहसपुर लोहारा में संचालित विद्यालयों में लागू किया जाएगा। प्रशिक्षक, संस्था समूह से 11 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला मिशन समन्वयक नकुल प्रसाद पनागर ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को 30 दिनों तक प्रतिदिन एक घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण विद्यालय प्रारंभ होने से पहले या समाप्ति के बाद आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए जरूरी कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करना है, ताकि वे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति का सामना कर सकें। कार्यक्रम के लिए योग्य और कुशल प्रशिक्षकों का चयन सुनिश्चित करने हेतु, कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। यह समिति प्रशिक्षकों का चयन उनकी दक्षता और अनुभव के आधार पर करेगी। चयनित प्रशिक्षक जिले के विभिन्न विद्यालयों में जाकर छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगे। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है।

